अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605




# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक




लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 46 लखनऊ, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00


## संक्षिप्त

### भारत और सऊदी अरब ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहरायी

नई दिल्ली। भारत और सऊदी अरब ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को यहां रक्षा सहयोग पर संयुक्त समिति की 7 वीं बैठक हुई। भारत की ओर से बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और सऊदी अरब की ओर से जनरल साद मोहम्मद एच अलकाथिरी ने की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया और पिछली बैठक के दौरान लिए गए अधिकांश महत्वपूर्ण निर्णयों के अमल पर प्रसन्नता व्यक्त की। दोनों ने रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने और सहयोग के नए रास्तों का पता लगाने की दृष्टि से प्रशिक्षण सहयोग, औद्योगिक भागीदारी, समुद्री सहयोग और सैन्य अभ्यास जैसे क्षेत्रों पर चर्चा की।

### बिहार में मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि एक सितंबर

नई दिल्ली। चुनाव आयोग के दिशा- निर्देशों के तहत बिहार में मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत एक अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि एक सितंबर निर्धारित की गयी है। आयोग ने मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की है और इस सूची की प्रति बिहार के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गई है ताकि राजनीतिक दल इसकी गहन जाँच कर सकें और यदि किसी पात्र मतदाता का नाम मसौदा मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है, तो वे संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के समक्ष दावे और आपत्तियाँ दर्ज करा सकते हैं।

### मुंबई में एक अपार्टमेंट के गिरने से 17 लोगों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार क्षेत्र में एक अपार्टमेंट का कुछ हिस्सा ढह जाने की घटना में 17 लोगों की मौत हो गयी है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को आधी रात के बाद विजय नगर में चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट के पिछले हिस्से के गिर जाने से यह दर्दनाक हादसा हुआ। विरार पुलिस के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर लालू तुरे ने बात करते हुए मृतकों की संख्या की पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार की रात 12:05 बजे अचानक रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा गिर जाने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य अभी भी जारी है, वसई-विरार नगर निगम दमकल कर्मी और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मी घटनास्थल से मलबा हटाने में लगे हुए हैं।

# 13 अधिनियमों के 99 फीसदी आपराधिक कानून होंगे समाप्त

## राज्य में जल्द आएगा सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- बड़े औद्योगिक और श्रम सुधारों की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों के लगभग 99 फीसदी आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी कर रही है। ऐसा होने पर उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा। गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों।मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहां पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है।

बैठक में अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियाँ दर्ज कराई हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की शृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए, जिससे ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

# अब तीन किमी के अंदर होगा उप्र में उच्च प्राथमिक विद्यालयों का विलय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर के नियमों में अब संशोधन कर दिया गया है। 50 से कम छात्र नामांकन वाले विद्यालयों के मर्जर के नियम में संशोधन किया गया है। अभी तक प्रदेश में जहां विद्यालयों के पेयरिंग की व्यवस्था की सीमा एक किलोमीटर की थी, जिसे विभाग ने बढ़ाकर तीन किलोमीटर कर दिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव बेसिक दीपक कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विद्यालयों में 50 से कम संख्या वाले छात्रों के मर्जर को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब विभाग ने मर्जर के दायरे को बढ़ाकर तीन किलोमीटर कर दिया है। बीते जुलाई महीने में 50 से कम छात्र संख्या वाले 5000 से अधिक स्कूलों के मर्जर को लेकर उठे विवाद खड़ा हो गया था। अभिभावकों का कहना था कि विभाग ने उनके बच्चों का मर्जर एक किलोमीटर के दायरे में ना कराकर तीन से पांच किमी के दायरे में कराया है।

इस बारे में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा था कि पांच हजार विद्यालयों का मर्जर एक किमी के दायरे में ही किया गया है। अब विभाग की तरफ से इस नियम को भी संशोधित कर दिया गया है।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने अपने निर्देश में कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में छोटे एवं कम संसाधनों वाले विद्यालयों को बड़े विद्यालयों के साथ शामिल किए जाने के संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सचिव की तरफ से एक निर्देश जारी किया गया है। इस आदेश के संदर्भ में प्रदेश के बेसिक शिक्षा विद्यालयों में 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की पेयरिंग के नियम में संशोधन किया गया है। अब ऐसे विद्यालयों की एक किलोमीटर की सीमा से बढ़ाकर तीन किलोमीटर की सीमा में किया जाएगा।

## बिहार में नेपाल सीमा से घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी, हाईअलर्ट



पूर्वी चंपारण। पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन खूंखार आतंकवादियो के नेपाल के रास्ते बिहार में घुसने के खुफिया इनपुट के बाद पूरे जिला को हाई अलर्ट पर रखा गया है।नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रो के साथ ही जिला के सभी थाना क्षेत्र में वाहनो की सघन जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इसकी जानकारी देते बताया है कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन खूंखार आतंकवादी नेपाल के रास्ते बिहार में घुस गए हैं और वे किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। उन्होने इन संदिग्धों की पहचान के लिए उनके स्केच को जारी करते हुए लोगों से इन चेहरों को पहचान करने और इस संदर्भ में कोई जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने से संपर्क करने या 112 डायल कर सकते हैं। इसके अलावा, सीधे पुलिस अधीक्षक मोतिहारी से इन नंबरों पर 9031827100, 9431822988 (कॉल या व्हाट्सएप) संपर्क करने को कहा है। उन्होने तीनों संदिग्धों की गिरफ्तारी में मदद करने वालों को मोतिहारी पुलिस की ओर से 50,000 रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की है।

## मोदी की चीन यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों के फिर से पटरी पर आने की उम्मीद



एजेंसी

नई दिल्ली। सात साल से भी अधिक समय के बाद चीन यात्रा पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पिछले एक वर्ष के अंदर यह दूसरी मुलाकात होगी और दोनों देशों को उम्मीद है कि वे पांच साल पहले गलवान घाटी में उनके सैनिकों के बीच हिंसक झड़प से पैदा हुई कड़वाहट को दूर करने और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में आगे बढेंगे। श्री मोदी जापान की दो दिन की यात्रा के बाद 31 अगस्त को सीधे चीन जायेंगे जहां वह एक सितंबर को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। अमेरिका द्वारा भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाये जा रहे भारी भरकम आयात शुल्क के कारण दुनिया भर में व्यापारिक मोर्चे पर मची उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री की चीन यात्रा और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वार्ता को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जनसंख्या नियंत्रण पर तीन बच्चों की सीमा जरूरी : मोहन भागवत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और संतुलन समाज तथा राष्ट्र के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि हर परिवार को अधिकतम तीन बच्चों तक सीमित रहना चाहिए ताकि जनसंख्या पर्याप्त और नियंत्रित बनी रहे।डॉ. भागवत विज्ञान भवन में गुरुवार को तीन दिवसीय व्याख्यान शृंखला '100 वर्ष की संघ यात्रा : नए क्षितिज' के तीसरे दिन जिज्ञासा समाधान सत्र में प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल संख्या ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उसके पीछे का इरादा भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा, ह्लजनसंख्या से ज्यादा इरादा क्या है, यह महत्वपूर्ण है। जनसंख्या में असमानता कभी-कभी गंभीर परिणाम देती है, यहां तक कि विभाजन जैसी परिस्थितियां भी पैदा कर सकती है। हमें इस पर गहराई से विचार करना चाहिए।






# संभल हिंसा : दंगों से हिन्दुओं के पलायान का दावा

## न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री को सौंपी संभल हिंसा जांच रिपोर्ट

- 450 पन्नों की रिपोर्ट में तुष्टीकरण व एतिहासिक भारतीय धरोहरों को मिटाने का किया गया दावा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश का संभल जिला बीते साल 2024 में 24 नवंबर को हुए दंगों पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस के नेतृत्व में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने आज अपनी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि सुनियोजित हिंसा में हिन्दूओं को टारगेट किया गया और उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया गया।

गुरुवार को न्यायिक आयोग के सदस्य इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा, पूर्व डीजीपी एके जैन और रिटायर्ड आईएएस अमित मोहन प्रसाद ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जांच आयोग के सदस्यों ने नवंबर 2024 में संभल में दंगों की अपनी 450 पन्नों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। रिपोर्ट के मुताबिक संभल में सुनियोजित तरीके से बार-बार हिंसा की आड़ में हिन्दुओं को टारगेट करते हुए अपने आशियाने छोड़ने या पलायन के लिए मजबूर किया गया था। रिपोर्ट में इस बात का प्रमुखता से दावा किया गया है कि यहां हिंदू 45 प्रतिशत से घटकर 20 फीसदी हो गये। दरअसल, संभल में नवंबर 2024 में हरिहर मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के बाद इस मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इस न्यायिक आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है।

# निवेश और निर्यात का बड़ा मंच बना यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

- 2023 और 2024 में मिली अभूतपूर्व सफलता ने बढ़ाया भरोसा, तीसरे संस्करण से और बड़ी उड़ान की तैयारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) अब राज्य की पहचान को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थापित करने का सशक्त जरिया बन गया है। 2023 और 2024 के सफल आयोजनों ने यह साबित कर दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश न केवल घरेलू बाजार में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहा है। अब तीसरा संस्करण और बड़ी उम्मीदों के साथ आयोजित होने जा रहा है, जहां निवेश और निर्यात के नए रिकॉर्ड बन सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि यह आयोजन पिछले दोनों संस्करणों से कहीं बड़ा और प्रभावी होगा। न केवल निर्यात और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे बल्कि उत्तर प्रदेश वैश्विक व्यापार जगत में अपनी मजबूत स्थिति को और पुख्ता करेगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यूपीआईटीएस की शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। इस पहले संस्करण में 2000 से अधिक प्रदर्शकों ने प्रदेश की कला, संस्कृति, कृषि और औद्योगिक ताकत को दुनिया के सामने रखा। 60 देशों के 350 विदेशी खरीदारों और करीब 3 लाख विजिटर्स की मौजूदगी में 1000 करोड़ रुपए से अधिक का बिजनेस वॉल्यूम दर्ज हुआ। मुख्यमंत्री के विजन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदर्शित करने के लिए शुरू किया गया यह आयोजन स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच दिलाने का बड़ा माध्यम साबित हुआ। दूसरा संस्करण 2024 में और भी प्रभावशाली साबित हुआ। वियतनाम को सहयोगी देश के रूप में शामिल करने वाले इस आयोजन में 2122 प्रदर्शक, 70 देशों से आए 350 विदेशी खरीदार और लगभग 5 लाख विजिटर्स ने हिस्सा लिया। बी2बी और बी2सी मॉडल के जरिए 2200 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात ऑर्डर प्राप्त हुए। वहीं प्रदर्शनी के दौरान 40 करोड़ रुपए से ज्यादा की सीधी बिक्री दर्ज की गई। सबसे खास उपलब्धि यह रही कि शीर्ष 20 उद्यमियों को ही 630 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात ऑर्डर मिले। इनमें मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, कानपुर, बागपत, बाराबंकी, मिर्ज़ापुर, मथुरा, संभल और ग्रेटर नोएडा जैसे जिलों के उद्यमी शामिल रहे। यूपीआईटीएस ने केवल कारोबार ही नहीं बढ़ाया बल्कि 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को वैश्विक पहचान देने का भी काम किया। ओडीओपी, स्टार्टअप, एमएसएमई, रोजगार और निर्यात प्रोत्साहन की राज्य सरकार की नीतियों ने इसमें नई ऊर्जा भर दी है। यूपीआईटीएस 2025 को लेकर इस बार खास रणनीति बनाई जा रही है।

## ज्वेलरी शोरूम से भागते बदमाश का सीसीटीवी, सोने की 4 जोड़ी बाली लेकर भागा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में ग्राहक बनकर पहुंचा बदमाश सोने की 4 बाली लेकर भाग गया। शोरूम मालिक ने शोर मचाते हुए उसका पीछा किया, लेकिन पकड़ नहीं पाया। घटना शोरूम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घटना 27 अगस्त को ठाकुरगंज के निवाजगंज स्थित मनोज ज्वैलर्स के यहां हुई। शोरूम मालिक ने सीसीटीवी फुटेज और तहरीर स्थानीय पुलिस को दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान करने की कोशिश कर रही है। निवाजगंज में मनोज का मनोज ज्वैलर्स के नाम से ज्वेलरी का शोरूम है। 27 अगस्त की दोपहर करीब पौने चार बजे एक बदमाश ग्राहक बनकर उनके शोरूम पर पहुंचा। उसने मनोज से सोने की बालियां दिखाने को कहा। मनोज ने ट्रे में एक-एक करके उसे कई जोड़ी बाली दिखाईं।

# गर्लफ्रेंड के साथ रहने आया बीटेक छात्र फंदे से लटका

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। गोरखपुर के बीटेक छात्र ने लखनऊ में सुसाइड कर लिया। रजनीश की गर्लफ्रेंड से कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह फंदे से लटक गया। वह एमसी सक्सेना इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक सेकेंड ईयर में पढ़ रहा था। वह लखनऊ में किराए के कमरे में रहता था। उसी घर में उसकी गर्लफ्रेंड भी रहती थी। बुधवार रात 9 बजे रजनीश के घरवालों को यह बात पता चली। इसके बाद गोरखपुर में घर पर मौजूद रजनीश की मां ने दुबई रहने वाले अपने पति को फोन किया। रोते हुए बताया-आपका इंजीनियर बेटा अब नहीं रहा। यह सुनकर पिता फोन पर ही दहाड़ मारकर रोने लगे। वह तुरंत फ्लाइट से इंडिया के लिए रवाना हुए और गुरुवार सुबह 6 बजे लखनऊ पहुंच गए। रजनीश का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। रजनीश का छोटा भाई सतीश सिंह अपने चाचा के साथ लखनऊ पहुंचा है। इस घटना के बाद पूरे परिवार को रो-रोकर बुरा हाल है।लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में जेहटा इलाका है। यहां एमसी सक्सेना इंजीनियरिंग कॉलेज है। इसी कॉलेज में गोरखपुर का रहने वाला रजनीश सिंह बीटेक कर रहा है। बुधवार रात रजनीश ने किराए के कमरे में फंदे से लटक गया। 26 अगस्त (मंगलवार) को रजनीश कॉलेज की एक छात्रा के साथ जेहटा में कृष्ण पटेल के घर पर किराए पर रहने आया था। छात्रा भी उसी के गांव की रहने वाली है। दोनों एक कमरे में रहने की बात कर रहे थे। लेकिन, मकान मालिक ने दोनों को अलग-अलग कमरे में रहने को कहा। दोनों का सामान भी अलग-अलग कमरे में रखवा दिया था। बुधवार देर शाम रजनीश और छात्रा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद छात्रा छत पर मोबाइल से बात करने चली गई। कुछ देर बाद छात्रा नीचे आई। वह कमरे में पहुंची, तो रजनीश चादर के पंखे पर फंदा लगाकर उससे लटका हुआ था। रजनीश का शव देख छात्रा की चीख निकल गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। गोरखपुर के पीपीगंज इलाके में डाढ़ाडीह गांव में ऊषा सिंह रहती हैं। उन्होंने बताया- मेरे पति गुड्घ्डू सिंह दुबई रहकर कमाते हैं। बड़ा बेटा रजनीश होनहार था। इसलिए उसे बीटेक की पढ़ाई करने के लिए लखनऊ भेजा गया था। मेरा छोटा बेटा सतीश सिंह और बेटी चंचल सिंह घर पर ही रहकर पढ़ाई करते हैं। मेरे पति हमेशा कहते थे कि रजनीश एक दिन बहुत बड़ा इंजीनियर बनेगा। तब मैं भी दुबई से काम छोड़कर घर आ वापस आ जाऊंगा। फिर आराम से खेती-किसानी करूंगा। ऊषा सिंह ने बताया मेरी रजनीश से बुधवार दोपहर 3 बजे बात हुई थी।

# एटीएम फ्रॉड गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार, मशीन में फ़ेवीक्विक लगाकर फंसाते कार्ड

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अन्तरराज्यीय गैंग के तीन सदस्यों को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। आरोपी एटीएम बूथ पर लोगों को गुमराह कर कार्ड बदलने और मशीन में फ़ेवीक्विक लगाकर अकाउंट से रुपए निकाल लेते थे। इनके पास से 39 एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल फोन और नकद बरामद हुए हैं। एसटीएफ गैंग के नेटवर्क को खंगाल रही है। यूपी एसटीएफ को शहर में एटीएम बदलकर ठगी की शिकायत और कैश ट्रे से पैसा न निकलने की शिकायत लगातार मिल रही थी। सीसीटीवी की मदद से टीमें गैंग की तलाश कर रही थी। बुधवार को आईआईएम रोड, लोखडिया मोड़ मड़ियांव से रात करीब 9.15 बजे तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान लीलापुर प्रतापगढ़ के रहने वाले परवेज खान, साहिल अहमद, प्रयागराज के देल्हूपुर के रहने वाले मुक्तदीर के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह एटीएम की कैश ट्रे के पास वायरिंग काटकर डबल साइड टेप और फ़ेवीक्विक चिपका देता था। इस जुगाड़ से ग्राहक का पैसा ट्रे में फंस जाता था। ग्राहक को लगता था कि लेन-देन कैंसिल हो गया और वह लौट जाता। बाद में आरोपी ट्रे से नोट निकाल लेते थे। इसके अलावा गैंग लोगों को गुमराह कर उनके एटीएम कार्ड बदल देता था। जिसके लिए मशीन में ही कार्ड चिपकाने की तरकीब अपनाते थे। एटीएम स्लॉट में फ़ेवीक्विक लगाकर ग्राहक का कार्ड फंसा देते और पासवर्ड झांककर नोट कर लेते। जैसे ही ग्राहक हार मानकर बूथ से निकलता, आरोपी प्लास से कार्ड निकालकर खाते से रकम साफ कर देते। आरोपियों ने बताया कि उनका नेटवर्क यूपी, एमपी, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई तक फैला है। एसटीएफ इनके पूरे नेटवर्क खंगाल रही है।

## लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिशन के पुनः संरक्षक बने सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने संघ हित और अनुभवों का लाभ लेने के लिए एक बार पुनः संघ के प्रान्तीय संरक्षक के पद पर तीसरी सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव को संरक्षक मनोनीत किया है। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी और महामंत्री जे.पी. पाण्डेय ने दी। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमन्त गूजर बताया कि सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव ने लगभग पैतीस वर्ष की सेवा के दौरान जनपद, मण्डल और कई वर्षो तक एसोएिशन के अध्यक्ष रहे। उनके कार्यकाल में एसोसिएशन ने कई सफल आन्दोलन कर उनका परिणाम हासिल किया। उनकी नियुक्ति पर प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल प्रसाद,प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, संगठन मंत्री प्रशान्त शर्मा, प्रान्तीय संगठन मंत्री ममता रानी, मण्डल अध्यक्ष लखनऊ आलोक कुमार राम एवं महामंत्री पवन कुमार द्विवेदी और उपाध्यक्ष संजीव सक्सेना, जनपद अध्यक्ष वीर बहादूर यादव, जनपद सचिव शंशाक शुक्ला और कोषाध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उप्र विधान भवन रक्षक संघ सचिवालय का चुनाव संपन्न

- महामंत्री अशोक यादव सहित सात निर्विरोध जीते

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान भवन व सचिवालय की सुरक्षा के लिए गठित विधान भवन रक्षक संघ उत्तर प्रदेश सचिवालय का आम चुनाव विधान भवन में गुरूवार को सम्पन्न हुआ। नौ पदाधिकारियों सहित 11 कार्यकारिणी सदस्यों के इस चुनाव में महामंत्री, उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, प्रचार मंत्री, संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष के पदों के प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत हासिल की। चुनाव अधिकारी मोहम्मद असलम ने बताया कि दो वर्ष में होने वाले विधान भवन रक्षक संघ उत्तर प्रदेश सचिवालय चुनाव में सचिवालय सुरक्षा व सचिवालय फायर सेवा के 223 मतदाताओं में से 214 ने अपने मत का प्रयोग किया। 20 पदों के लिए 26 प्रत्याशियों ने भाग लिया, जिसमें अध्यक्ष जागेश्वर दयाल, उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ तिवारी, महामंत्री अशोक कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अमित वर्मा व संयुक्त मंत्री, प्रचार मंत्री, संगठन मंत्री, सह कोषाध्यक्ष, सम्प्रेक्षक सहित 11 कार्यकारिणी सदस्यों ने जीत दर्ज की। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव में जल्द ही पदाधिकारियों को शपथ कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। चुनाव में अध्यक्ष पद के उपविजेता योगेंद्र सिंह ने अपनी हार स्वीकार करते हुए जीते हुए पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारणी नई ऊर्जा के साथ संघ को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, ऐसी मेरी कामना है। अध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने वाले जागेश्वर दयाल ने कहा कि संघ को शासन, सरकार के समन्वय से कर्मियों की समस्याओं दूर करने का प्रयास किया जाएगा। महामंत्री पद के प्रत्याशी अशोक कुमार यादव ने निर्विरोध जीत दर्ज की। इस जीत पर उन्होंने समस्त सुरक्षा कर्मचारियों व अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सचिवालय सुरक्षा के कर्मचारियों के हर सुख- दुःख में साथ रहने का हर संभव प्रयास रहेगा। इसके साथ ही सरकार समक्ष सुरक्षा कर्मियों की समस्याओं को मजबूती से रखने के साथ हर संभव निवारण करने का प्रयास किया जायेगा। उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल करने वाले पशुपतिनाथ तिवारी समस्त अधिकारियों और मतदाताओं का धन्यवाद दिया।

## मंत्री संजय निषाद डिप्टी सीएम से मिलने पहुंचे, ब्रजेश पाठक के साथ मुस्कुराते नजर आए

लखनऊ। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलने उनके आवास पहुंचे। वह सरकारी गाड़ी की बजाय अपनी निजी गाड़ी से पहुंचे थे। मंत्री निषाद ने भाजपा को खामियाजा भुगतने की धमकी दी थी, जिसके बाद इस मुलाकात के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात के समय मंत्री निषाद मुस्कुराते हुए नजर आए। संजय निषाद ने कहा हम लोगों ने फर्जी पीडीए का चट्टान की तरह सामना करके उनकी हवा निकाल दी। मगर भाजपा के कुछ इम्पोर्टेड नेता हैं जो अपनी ही पार्टी की हवा निकालने में लगे हैं। मलाई खा रहे हैं। भाजपा को अपने उन नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है, जो उन्हें नुकसान पहुंचा रहे। यह बात सही है कि मोदी हैं तो मुमकिन है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जी ने तो मछुआरों के लिए हमेशा से योजनाएं लाने का काम किया है।

## लखनऊवासियों के लिए फैशन और शॉपिंग का मेला आकर्षण का केंद्र बने हैंडमेड ज्वेलरी व प्रीमियम फैब्रिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। फ़ेस्टिव सीजन में तारा प्रीमियम एग्जिबिशन और प्रभाव फाउंडेशन का होटल क्लार्क अवध में आयोजित भव्य एग्जिबिशन आज अपने अंतिम पड़ाव पर है। एग्जिबिशन में देशभर से आए डिजाइनर्स और ब्रांड्स के कलेक्शन लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। इसमें लेहंगा, साड़ी, पार्टी वियर ड्रेस, ज्वेलरी, फुटवियर, होम डेकोर और हैंगिंग आइटम्स सहित खूबसूरत कलेक्शन देखने और खरीदने को मिल रहा है। आयोजकों का कहना है कि इस एग्जिबिशन का मकसद फैशन प्रेमियों को नए और अनूठे डिजाइन्स उपलब्ध कराना है। दिल्ली, मुंबई, सूरत, कोलकाता, बेंगलुरु समेत कई शहरों के डिजाइनर्स ने अपने कलेक्शन प्रदर्शित किए हैं। इसमें वेडिंग स्पेशल ड्रेस, ट्रेंडी ज्वेलरी और डेकोरेशन आइटम्स भी शामिल हैं। विशेष आकर्षण के रूप में हैंडमेड ज्वेलरी, प्रीमियम फैब्रिक पर बने ड्रेस, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, ब्राइडल कलेक्शन और खासकर त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए गिफ्ट आइटम्स भी उपलब्ध हैं। गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से आए प्रसिद्ध डिजाइनर्स के साथ 40 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं। वहीं एग्जिबिशन में फूड स्टॉल्स और बच्चों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। एग्जीबिशन का शुभारम्भ बीजेपी की अवध प्रांत की वाइस प्रेसिडेंट श्वेता सिंह ने किया। इस अवसर पर फिकी फ्लो की चेयर पर्सन वन्दिता अग्रवाल, शिखा भार्गव, देवांशी सेठ, ज्योत्सना हबीबुल्ला, रेखा, तूलिका बनर्जी, अपर्णा, रीना, मोनिका, तान्या, शिखा, मिनाक्षी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज मे दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन द्वारा खुन खुन जी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सखी वन स्टॉप सेंटर, मिनिस्ट्री ऑफ वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के संयुक्त तत्वाधान मे लखनऊ में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ, प्रयागराज, चित्रकूट, अलीगढ़ और श्रावस्ती जिलों की बस्तियों से आई किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य किशोरियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना था। लखनऊ के छह प्रमुख कॉलेजकृखुन खुन जी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, नारी शिक्षा निकेतन पी.जी. कॉलेज, अवध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, ए.पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज और गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेजकृने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने किया। उन्होंने कहा, खेल न केवल शारीरिक रूप से हमें सशक्त बनाते हैं, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और आत्मबल भी विकसित करते हैं। इस प्रकार के आयोजन किशोरियों को एक सकारात्मक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकती हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा ले सकती हैं। राज्य सरकार हमेशा ऐसी पहलों को प्रोत्साहन देती रही है और देती रहेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्या सुचिता चतुर्वेदी ने भी उपस्थित होकर कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा, इस तरह के आयोजन बालिकाओं के आत्मविकास, आत्मरक्षा और सामाजिक भागीदारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह पहल किशोरियों को सम्मान, आत्मविश्वास और अवसर देती है,जो समाज में उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम है। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान प्रथम दिन रेस, लॉन्ग जंप, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट , कैरम, जैसे खेलों में किशोरियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों में उत्साह और आत्मबल देखने योग्य था। आयोजन स्थल पर सिविल डिफेंस के प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बालिकाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद प्रभावशाली हैं।सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रभा वैश्य ने प्रतिभागी युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल खेल का आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक पहल है जो बेटियों को सपने देखने और उन्हें साकार करने का हौसला देती है। कार्यक्रम के पहले दिन के समापन अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया ने कहा, हमारे कॉलेज के परिसर में जो ऊर्जा, आत्मविश्वास और खुशी की लहर दौड़ी, वह अविस्मरणीय है।

## अखिलेश बोले, अमेरिकी टैरिफ यूपी के निर्यातकों के लिए आपदा, ये सरकार की विफलता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से लगाए गए नए शुल्क को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसकी असफल विदेश और आर्थिक नीतियों का खामियाजा निर्यातकों, श्रमिकों और कारीगरों को भुगतना पड़ रहा है। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र को पहले से ही गंभीर रूप धारण कर चुकी बेरोजगारी की स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए छोटे, मध्यम और सूक्ष्म उद्योगों को समय पर सहायता और राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की असफल विदेश व आर्थिक नीतियों का खामियाजा निर्यातक, मजदूर, कारीगर क्यों भुगतें। सरकार समय रहते सहायता व राहत दे नहीं तो पहले से विकराल बेरोजगारी की समस्या विकट रूप धारण कर लेगी। जब सरकार अरबपतियों पर मेहरबान हो सकती है तो लघु मध्यम व सूक्ष्म उद्योगों पर क्यों नहीं।श्श उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर व्यापारियों और निर्माताओं के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा, श्शभाजपा जाए तो व्यापार वापस आए। उन्होंने श्रमिकों की स्थिति पर आधारित एक खबर का वीडियो भी पोस्ट किया। भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने का अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड फैसला बुधवार को लागू हो गया। रूस से कच्चा तेल खरीदने का हवाला देते हुए भारत पर यह शुल्क लगाया गया है। ट्रंप ने समझौते पर बातचीत के लिए 21 दिन का समय दिया था जो मंगलवार को समाप्त हो गया।

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले डाबर च्यवनप्राश ने कार्यशाला आयोजित कर बच्चों को किया जागरूक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मानसून के मौसम में जहां एक ओर लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत देकर तरोताजा करती है, वहीं यह मौसम कई तरह की बीमारियां भी साथ लाता है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर हम इनकी चपेट में आ सकते हैं, और खासकर बच्चे इससे प्रभावित होते हैं। तापमान में कमी और नमी के स्तर में वृद्धि के कारण मानसून के दौरान संक्रमण होना एक आम बात है। इसी संक्रमण से बचने के लिये बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाये रखने के लिये डाबर च्यवनप्राश ने आज यहां बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी शाखा, सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना (निकट राम राम बैंक चौराहा) में कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान ढाई सौ से अधिक बच्चों को मानसून में सर्दी एवं खाँसी, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचने के लिये जागरूक किया गया। इस कार्यशाला में आयुर्वेदाचार्य डा. वी अरोरा, डाबर इण्डिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के मैनेजर दिनेश कुमार, स्कूल के प्रबन्ध निदेशक एचएन जायसवाल, प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला, समाजसेवी पंकज कुमार भी मौजूद थे। इस मौके पर चिकित्सक अरोरा ने बताया कि मानसून के दौरान उष्ण, नम और आर्द्र जलवायु के कारण कई तरह के संक्रमण हो सकते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर ज्यादा तेजी से फैलते हैं। जिससे सदियों पुरानी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित औषधि की सही मात्रा, मानसून के रोगाणुओं से लड़ने में मददगार है। एलोपैथिक चिकित्सा विज्ञान में बीमारियों का इलाज किया जाता है, जबकि प्राचीन भारतीय जड़ी-बूटियों और आयुर्वेद में दिए गए सूत्र हमारी जीवन शैली को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाते हैं। रसायन तंत्र, आयुर्वेद की आठ विशेषताओं में से एक है। इसमें नवजीवन का संचार करने से संबंधित नुस्खे, आहार अनुशासन और विशेष स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले व्यवहार का विवरण मौजूद है। प्रतिदिन दो चम्मच डाबर च्यवनप्राश का उपयोग करना, दैनिक आहार में रसायण तंत्र को शामिल करने का एक तरीका है। इस मौके पर बताया गया कि च्यवनप्राश एक प्रसिद्ध आयुर्वेदिक सूत्र है, जिसका इस्तेमाल कई दशकों से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। सदियों पुराने इसी सूत्र पर आधारित डाबर च्यवनप्राश एक आयुर्वेदिक पूरक है, जिसमें विभिन्न जड़ी-बूटियों एवं खनिज लवण के गुण समाहित हैं। डाबर च्यवनप्राश अपने रोग प्रतिरोधी प्रभावों के कारण कई तरह की बीमारियों की रोकथाम में मदद करता है। डाबर ने कई प्रकार के नैदानिक एवं पूर्व-नैदानिक अध्ययनों का संचालन किया है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता, मौसम के दुष्प्रभावों, नासिका संबंधी एलर्जी एवं संक्रमण, इत्यादि पर लाभकारी प्रभावों की पुष्टि करता है। च्यवनप्राश प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में वर्णित त्रिदोष 'वात, पित्त और कफ' को संतुलित करने में मदद करता है। डाबर च्यवनप्राश रोगाणुओं से लड़ने वाले डेंट्रिक सेल, एनके सेल और मैक्रोफ़ेज को सक्रिय करने में मदद करता है। अमित गर्ग, मार्केटिंग हेड- हेल्थ सप्लीमेंट्स, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, ल्लआयुर्वेद की समृद्ध विरासत और प्रकृति के गहन ज्ञान के साथ, डाबर ने हमेशा प्रामाणिक अध्ययन के माध्यम से सभी के लिए सुरक्षित, लागत प्रभावी और प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया है। आयुर्वेद पुस्तकेंध्पांडुलिपियाँ। हम अपने उत्पाद के माध्यम से वर्तमान में भारत में विभिन्न बीमारियों से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में, लोग अपने 'प्रकृति' गुणों के कारण चिकित्सा हस्तक्षेप के रूप में हर्बल और वनस्पति अर्क को पसंद करते हैं। डाबर च्यवनप्राश आयुर्वेद के प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किया गया फॉर्मूलेशन है। यह उत्पाद खुद को दिन-प्रतिदिन के विभिन्न संक्रमणों से बचाने का एक आदर्श तरीका है। अमला (भारतीय आंवला) डाबर च्यवनप्राश का प्रमुख घटक है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले गुणों के लिए जाना जाता है।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से आमजन को मिल रही है नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवायें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ध्येय है कि नगरों से लेकर गांव तक के सभी लोगों को निशुल्क इलाज मिले। इसके लिए प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी विस्तार किया है। प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, विशेष कर गरीब और कमजोर वर्गो के लिए सुलभ, सस्ती, प्रभावी और विश्वसनीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश के मरीजों को निशुल्क इलाज व मुफ्त दवाएं दी जा रही हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत प्रदेश के 1.80 करोड़ से अधिक परिवारों के लाभाथियों को प्रतिवर्ष प्रतिपरिवार 05 लाख रूपये तक का चिकित्सा बीमा कवर देते हुए निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत 5.32 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड जारी किये गये है। वरिष्ठ नागरिकों को भी आयुष्मान भारत योजना से कवर किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत इलाज के लिए पूरे देश में सर्वाधिक 5,854 सरकारी व निजी अस्पतालों को संबद्ध किया गया है। इस योजनान्तर्गत अब तक 67.11 लाख से अधिक मरीजों का निशुल्क उपचार किया जा चुका है। प्रदेश सरकार ने 11 जिलों में 50 बेड के एकीकृत चिकित्सालय स्थापित किये है, जिसमें जनता को सभी रोगों की चिकित्सा जांच आदि का लाभ दिया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 4890 विभिन्न एम्बुलेंस का संचालन किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर्भवती, स्तनपान कराने वाली, काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए उन्हें लाभान्वित करने और उनके उचित आराम और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लागू की है। प्रदेश में इस योजना के अन्तर्गत लाखों कामकाजी/मजदूरी करने वाली माताएं लाभान्वित हुई है। प्रदेश में प्रसव के समय मातृ मृत्यु दर में भारी कमी आई है। उसी तरह विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान चलाकर ए.ई.एस/जे.ई. रोग पर प्रभावी नियंत्रण करते हुए बीमारी से होने वाली मृत्यु दर में 98 प्रतिशत से अधिक कमी लाई गई है। प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों, गर्भवती महिलाओं को घर से चिकित्सालय तक लाने व वापस ले जाने हेतु निःशुल्क एम्बुलेन्स सेवाएं प्रदान की जा रही है। प्रदेश में 102 एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 2,270 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं जिनके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल, 2024 से दिसंबर, 2024) में 1,21,94,148 लाभार्थियों को परिवहन सेवा प्रदान की गयी है। इस सेवा का Average Response Time 2017 में 09 मिनट 05 सेकण्ड था, जिसे घटाकर वर्तमान में 06 मिनट 25 सेकंड हो गया है। उसी तरह 108 एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 2,200 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं जिनके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल, 2024 से दिसंबर, 2024) में 46,11,509 लाभार्थियों को परिवहन सेवा प्रदान की गयी है जिसका इफ्द्गन्थद्दद्ग टद्गपध्धद्बपद्ग द्धद्बद्गद्ग 2017 में 16 मिनट 40 सेकण्ड था, जिसे घटाकर वर्तमान सरकार में 07 मिनट 07 सेकण्ड कर दिया गया है। जनपदों में 170 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एम0एम0यू0) संचालित की जा रही हैं, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 (माह अप्रैल, 2024 से नवम्बर, 2024) में 19,46,055 लाभार्थियों को ओ0पी0डी0 एवं 4,19,827 लाभार्थियों को लैब टेस्ट की सेवा प्रदान की गई हैं। गंभीर रोगियों को मेडिकल टीम के साथ उच्च स्तरीय चिकित्सा इकाइयों में संदर्भित किये जाने हेतु कुल प्रदेश में 250 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेन्स समस्त जनपदों में क्रियाशील है, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह दिसम्बर, 2024 तक 93,550 मरीजों को लाभान्वित किया गया है।

# श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए बप्पा हो गए विराजमान



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** श्री विनायक समिति के द्वारा आयोजित गणपति पंडाल में दूसरे दिन प्रात: काल पूजन विपिन गुप्ता ने किया और उसके बाद श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए बप्पा विराजमान हो गए। प्रात: काल से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रवाह गणपति पंडाल की ओर आता रहा और दर्शन करके भक्त कृतार्थ होते रहे।

अपने 26 में वर्ष में प्रवेश कर चुकी हरदोई के महाराज की यह प्रतिष्ठित पूजा के दूसरे दिन सहस्त्रार्चन, हिमांशु गुप्ता और राजीव गुप्ता ने सपत्नीक किया जबकि प्रसाद प्रमोद कुमार सिंह पामू एम मोटर्स और पंकज अग्रवाल अध्यक्ष विनायक समिति, राहुल गुप्ता बालाजी फर्टिलाइजर की तरफ से भक्तों में वितरित किया गया। 7:30 बजे होने वाली नित्य संध्या आरती के यजमान प्रदीप त्यागी ळड डीसीएम श्रीराम ग्रुप, आशीष सिंह आशु विधायक मल्लावां, अविनाश चंद्र गुप्ता, बिपिन गुप्ता मंडी समिति ने जब आरती की तो पूरा पंडाल गणपत की जय जयकार से गूंज रहा था। नैमिषारण्य से आए आचार्य राजेश शास्त्री और उनके पुरोहितों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजन संपन्न कराया। विनायक समिति के द्वारा आयोजित गणपति महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या श्याम भजनों के नाम रही। पंजाब से आए



श्याम भजनों के सरताज मयंक अग्रवाल ने अपने सुंदर मीठे भजनों के साथ इस सांस्कृतिक संध्या का आरंभ किया। उनके भजनों में सुध बुध खो बैठे लोग गणपति के पंडाल के समानांतर लगे श्याम बाबा के दरबार में मस्तक झुकाते और नृत्य करते अभीभूत हो गए। इसके बाद नानपारा से आई श्याम भजनों की गायिका माही पोरवाल ने मंच संभाला। माही ने अपने खास अंदाज में मंच और दर्शकों को जोड़ते हुए एक के बाद एक सुंदर मीठे श्याम भजन सुनाए और श्याम भजनों के मध्य गणपति आराधना, गणपति स्तुति, गणपति की वंदना के साथ उन्होंने देर रात तक श्रोताओं को पंडाल में झूमने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक संध्या का संचालन अयोध्या आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने अपने प्रभावी अंदाज में किया।

इस अवसर पर विनायक समिति के सदस्य देवेंद्र गुप्ता छोटू प्रांशु पांडे राजेंद्र अग्रवाल जमुना जी समेत तमाम गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु देर रात तक उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी 88 शिकायतें

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। पात्रों के वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन हेतु मौके पर ही पंजीकरण कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों के निस्तारण में देरी न की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। जन सुनवाई मे आज 02 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन योजना से जोड़ा गयाए 02 बच्चों को बाल सेवा योजना से आच्छादित कराया गयाए 02 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गयेए 01 व्यक्ति को वृद्धावस्था पेशन योजना से जोड़ा गया तथा एक व्यक्ति को विकलांग पेशन योजना का लाभ दिलाया गया। जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठीए अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गणेश जी महाआरती में उमड़ी भक्तों की भीड़

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कस्बे के राम वाटिका मैदान चल रहे गणेश महोत्सव के दूसरे दिन गणपति महाराज की विशेष महा आरती में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। कस्बे के राम वाटिका में चल रहे पंच दिवसीय गणेश महोत्सव के प्रथम दिवस बुधवार की शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। दूसरे दिन गुरुवार को काशी व लखनऊ आए कुशल पुरोहितों और ब्राह्मणों ने आयोजकों द्वारा गणेश जी का मंत्रोपचार के साथ पूजन करवाया उसके बाद गणेश जी विशेष महा आरती का आयोजन किया गया।महाआरती में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। महा आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री गणेश महोत्सव आयोजन मंडल के सभी सदस्य और काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## लाइनमैन की मौत के बाद परिजनों ने अधीक्षण अभियंता पर लगाया शोषण का आरोप

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विद्युत सब स्टेशन पलिया में तैनात लाइनमैन बुधवार को बेहोशी की हालत में हरदोई बस अड्डे पर मिला था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था। ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने पलिया पावर हाउस के सामने सड़क पर शव रखकर अधीक्षण अभियंता के खिलाफशोषण का आरोप लगाते हुए मुआवजा की मांग की है।

विद्युत सब स्टेशन में तैनात कैलाश आउटसोर्सिंग में लाइनमैन के पद काम करता था। आप है की अधीक्षण अभियंता के द्वारा राजस्व वसूली आदि कामों के दबाव के चलते लाइनमैन डिप्रेशन में चला गया था। जो इलाज के लिए मंगलवार को लखनऊ गया था। बुधवार को बेहोशी हालत में हरदोई रोडवेज बस अड्डे पर मिला था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाते समय मौत हो गई है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव ले जाकर पलिया पावर हाउस के सामने सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस परिजनों को समझने का काफी प्रयास किया। लेकिन परिजन मुआवजा की मांग को लेकर अड़े रहे।

## यूरिया खाद न मिलने से किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**टड़ियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव मंजू लता मित्रा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने 28 अगस्त गुरुवार के दिन किसानों को हो रही डीएपी व यूरिया खाद की परेशानियों को लेकर क़स्बा टड़ियावां में पैदल मार्च निकाला और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन टड़ियावां ब्लॉक के वरिष्ठ लिपिक बाबू को ज्ञापन सौंपा हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव मंजू लता मित्राने कहा की हमारी सरकार से मांग है कि किसानों को जो खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है उनको खाद उपलब्ध कराया जाए और जिला प्रशासन द्वारा खाद की कालाबाजारी व स्टॉक लगाने वालों के प्रति अभियान चलाकर कार्यवाही की जाए। सभी केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता कराई जाए ताकि किसानों को खाद के लिए दिन भर भूख प्यास सहकर लाइन में खड़ा न होना पड़े और कहा कि किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहते हैं।कई दिन लाइन में लगने के बावजूद किसानों को उनको खाद उपलब्ध नहीं हो पाती है।जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों द्वारा मूल्य से अधिक रुपये लेकर दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में खाद की कालाबाजारी की जा रही हैं। खाद की चल रही है कालाबाजारी पर जल्द रोक लगाई जाए। इस दौरान अजय सिंह, शकील खाँ, उदयराज आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने तमंचा फैक्ट्री पकड़ कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक अमित सिंहए अनिल कुमार और लाखन सिंह ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा कोला में चल रही अवैध तमंचे की फैक्ट्री को पकड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। प्राप्त विवरण में 27 अगस्त की शाम को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा कोला के निकट गर्रा नदी के किनारे बने कमरे पर छापा मारकर कर गांव निवासी केसरी पुत्र लक्ष्मण और शाहजहांपुर जनपद के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के भरगवां निवासी सुखदेव पुत्र अनंतराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर नया तमंचाएएक मरम्मत वाली देशी रायफलए एक तमंचा पुराना 312 बोरए एक अर्ध निर्मित तमंचा 315 बोर और तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## पति ने पत्नी को पीट कर किया अधमरा, अस्पताल में भर्ती कराया गया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम धीरा पुरवा में एक पति ने मामूली कहा सुनी के चलते अपनी पत्नी को पीट कर अधमरा कर दिया। घायल अवस्था में पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। धीरा पुरवा निवासी सुदामा पत्नी राजू के अनुसार गुरुवार को शाम चार बजे खाना खा रही थी। उसी समय उसका पति राजू आ गया और गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज करने से सुदामा ने मना किया तो उसने लात घूसों से पीट कर अधमरा कर दिया। सुदामा को काफी अंदरूनी छोटे आई हैं। बेसुध अवस्था में परिवार के लोगों ने सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की रिपोर्ट पति के खिलाफदर्ज कराई गई।

## बहनोई के भाई ने ईंट मार कर लहू लहान किया रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में एक दबंग व्यक्ति ने अपने भाई की साली को ईट मार कर लहूलुहान कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। प्रीति पत्नी मनोज निवासी गुरुथना कांट जनपद शाहजहांपुर नई बस्ती मोहल्ले में अपने बहनोई कृष्ण कुमार के घर आई थी। गुरुवार को शाम बहनोई कृष्ण कुमार के भाई जोगिंदर उर्फहैंडल पुत्र रामकुमार की उसकी बहन से बातचीत होने लगी। प्रीति के अनुसार उसने बहन को गाली गलौज करने से मना किया तो जोगिंदर ने उसके सिर पर ईट मार दी जिससे वह लहूलुहान हो गई। घटना की रिपोर्ट जोगिंदर उर्फहैंडल के खिलाफ दर्ज कराई गई। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

# मंडी में बज गया घंटा हो गई ताजपोशी

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** नवीन मंडी स्थल में सुबह घंटा बज गया आढती और व्यापारियों के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित हो गए और संरक्षक नरेश अग्रवाल के निर्देश पर व्यापार भवन से पुन: 3 वर्षो के लिए श्यामा कुमार गुप्ता टीटू को अनवरत अध्यक्षए संजय गुप्ता एवं हरिश्याम गुप्ता पीलू को महामंत्री, कौशिक गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रावेन्द्र गुप्ता को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, रजनीश गुप्ता को वरिष्ठ मंत्री, ऋषि गुप्ता कनिष्ठ मंत्री व सूरज गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद पर पुन: 3 वर्ष के लिए बनाए जाने की घोषणा की गई इस ताजपोसी का व्यापारियों ने स्वागत किया बताया जाता है कि वैश्य शिरोमणि पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल ने यह निर्णय लेते हुए चुनाव समिति को निर्देश दिए थे की मंडी में इस बार चुनाव नहीं होंगे और श्यामा कुमार गुप्ता टीटू 3 वर्षों के लिए पुन: अध्यक्ष बनाए जाएंगे श्री अग्रवाल के निर्देश पर चुनाव समिति ने आज मंडी में घंटा बजाकर को बर्तमान व्यापार मंडल को पुन: 3 वर्ष के लिए घोषित कर दिया।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बावन इकाई ने आयोजित किया विदाई एवं स्वागत समारोह



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बावन इकाई ने खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार द्विवेदी का विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित कियाए तथा नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकुमार द्विवेदी ने अपने अनुभवों को साझा किया तथा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण बाजपेई द्वारा ब्लॉक इकाई के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय नवीन खंड शिक्षा अधिकारी से कराया। दोनों खंड शिक्षा अधिकारियों को ब्लॉक इकाई द्वारा शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया तथा ब्लॉक इकाई की तरफसे उनको स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक भानु प्रताप सिंह, विद्यानिधि मिश्र, अमित शुक्ल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि द्विवेदी जी के सफल कार्यकाल की चर्चा की तथा एक अच्छे संरक्षक और मुखिया की तरह सहयोगी बनकर कार्य किया। जिला संयोजक शचींद्र मिश्र ने नवीन खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि ब्लॉक इकाई आपके सहयोग हेतु सदैव तत्पर है एवं विकास खंड के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने हेतु संकल्पित है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सौरभ सिंह, राजीव वर्मा, श्यामजी गुप्ता, आशुतोष द्विवेदी, हरिहर नारायण शुक्ला, अनीता मिश्र, उमेश चंद्र, सोमेंद्र वर्मा, दिलीप सिंह, अंशुल मिश्रा, सरस्वती गुप्ताएदिव्यांशी मिश्र, रश्मि शुक्ला, सचिन राठी, कमल किशोर, आलोक वर्मा, सुधा हलवाई, बृजेंद्र, अतुल वर्मा, विनीत, नीरज जायसवाल, आलोक द्विवेदी, राजीव कुमार सिंह सहित अनेकों शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

## गणपति मूर्ति स्थापना व सुंदरकांड पाठ के साथ शुरू हुआ 14वां भव्य श्री गणेश महोत्सव

■ सप्ताह भर भक्ति रस में डूबा रहेगा नगर कछौना

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना ( हरदोई )।** श्री सोमेश्वर सेवादार समिति के तत्वाधान में कराए जा रहे सप्त दिवसीय 14वें श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ मूर्ति स्थापना व सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ! कार्यक्रम के प्रथम दिवस विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना से पहले नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई! जिसमे नगर के सैकड़ो लोगों ने भाग लिया! इसके बाद 7 दिनों के लिए विधिवत पूजा अर्चना के साथ मूर्ति स्थापना हुई! कार्यक्रम के क्रम में शाम को गणेश महोत्सव के पंडाल में भव्य श्री गणेश दरबार का बहुत ही आकर्षक सजाया गयाए जिसमे प्रयागनगरी से पधारे मिश्रा बंधु महाराज द्वारा बहुत ही भक्ति भाव से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ! कार्यक्रम के आयोजक नगर के प्रमुख सुनील अग्रवाल व अनिल अग्रवाल रहे!

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के संस्थापक नेताजी राव मराठाए प्रायोजक राधारमण शुक्ला पंकजए अध्यक्ष अनूप कुमार बबलूए समिति के सभी सदस्य गण नगर व क्षेत्र के गणमान्य जन सहित सैकड़ो स्त्री.पुरुषों ने बड़े ही भक्ति भाव से कार्यक्रम का रसपान किया!

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आशीष कुमार पुत्र श्री राम औतार श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला आशा नगर हरदोई तथा आशीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री राम औतार श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला आशा नगर हरदोई एक ही व्यक्ति हैं।

**आवश्यकता है**

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय**

**गोसवा, मल्लावाँ, हरदोई में**

परास्नातक गणित सहायक आचार्य 4 पद व परास्नातक वनस्पति विज्ञान सहायक आचार्य 4 पद

**योग्यता व वेतन:-** योग्यताओं यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार ।

आवेदन
divyakripalpgcollege@gmail.com,
9161797179 पर भेजे

प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा

## नशा मुक्ति के संबंध में गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राज्य मद्य निषेध, उ0प्र0 के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को नशे



से दूर रहने के प्रति जागरूक करने हेतु प्रयास भजन कीर्तन पार्टी द्वारा त्रिलोक चन्द्र इन्टर कालेज एवं रोडवेज बस अड्डा पर नशा मुक्ति के संबंध में गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी अध्यापकए छात्रों तथा निगम के प्रभारी व उपस्थित यात्रियों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम उपस्थित लोगों को हाथ उठाकर नशा न करने की शपथ दिलायी गयी।

# हरदोई युवा महोत्सव, 2025 के पोस्टर का फर्स्ट लुक हुआ लॉन्च

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** बुधवार देर शाम जिला पंचायत कार्यालय में हरदोई युवा महोत्सव 2025 के पोस्टर का फर्स्ट लुक भव्यता से लॉन्च किया गया। पोस्टर के फर्स्ट लुक की लॉन्चिंग मुख्य अतिथि पी के वर्मा एवं युवा समाजसेवी धीरज वर्मा की उपस्थिति में की गयी।

इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरदोई युवा महोत्सव चतुर्थ भूरज सेवा संस्थान के तत्वावधान में बेहद भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है । इस वर्ष इस बात का विशेष प्रयास किया जाएगा कि हरदोई युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों को विभिन्न बड़े स्तर के आयोजनों व मंचो में भी प्रतिभाग करने का अवसर दिलाया जाये साथ ही उत्तरप्रदेश एवं अन्य राज्यों के प्रतिभागियों को भी मंच मिले, गरीब हुनरमंद बच्चों के लिये प्रतियोगिता शुल्क नि:शुल्क रहेगा और बताया पूरे भारत से आ रही विभिन्न पर्दशनी, सेल्फी पॉइंट्स, कपड़ो एवं विभिन्न व्यंजनों की दुकाने व बच्चों के लिये छोटे बड़े झूले व गेम जोन आकर्षण का केंद्र रहेंगे जल्द ही वृहद स्तर पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा जिसमें कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा एवं ऑडिशन दिनांक की जानकारी दी जाएगी विजेता प्रतिभागियों को विशेष ट्राफी के साथ भी प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे इस अवसर पर युवा समाजसेवी धीरज वर्मा ने आयोजकों एवम सयोजको के प्रयास और हौसले की सराहना की तो वही पी के वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपने हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयोजक मंडल से संस्था मंत्री अशोक उपाध्याय, राम अवस्थी, अंशू गुप्ता, सुनील त्रिवेदी, सुमित श्रीवास्तव भानु, स्मृति मिश्र, मनीष कुमार, प्रिया सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, विवेक मिश्रा, जुगल किशोर शर्मा एवं सयोंजक मण्डल से विशाल सिंह, शुभांकर, ऋषभ, निर्भय नन्दवंशी, शिवाय श्रीवास्तव, कुणाल रजत, हनी, आकाश गुप्ता, प्रद्युम्न गुप्ता, हरीश शर्मा आदि उपस्थित रहे जिनका महोत्सव के सभी कार्यक्रमो के संयोजन में विषेस सहयोग रहेगा।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यकर्ताओं को सम्मान समारोह

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**पाली ( हरदोई )।** अनंगपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टीद्वारा चलाए जा रहे सम्मान समारोह में आज कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया मण्डल क ा य ा ॅ ल य अनंगपुर में अनंगपुर मंडल के सभी शक्ति केंद्र संयोजक का भाजपा अनंगपुर मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह, महामंत्री श्याममोहन बाजपेयी के द्वारा अंगबस्त्र, डायरी पेन देकर सम्मानित कियाए मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह ने कहाँ की संघटन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शक्तिकेंद्र संयोजक की होती है पार्टी के अभियान प्रत्येक बूथ पर शक्तिकेंद्र संयोजक द्वारा ही पूरे होते है। इस अबसर पर मण्डल अध्यक्ष अनंगपुर रोहित सिंह, मण्डल महामंत्री श्याममोहन बाजपेयी, शक्ति केंद्र संयोजक लखनौर रामप्रताप सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक कमालपुर रमेशपाल सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक नइबस्ती नरेन्द्र सिंह चौहान, शक्तिकेंद्र संयोजक पिपरिया धर्मप्रकाश, शक्तिकेंद्र संयोजक वीरमपुर कुंवरपाल, शक्तिकेंद्र संयोजक भरखनी अभिषेक सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक बिल्सर हिलन महेशपाल सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक मलिकापुर रंजन सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक माननगला गामा सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक धानीनगला रोहिताश सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजक बरुआरा राजीव सिंह, शक्ति केंद्र मैकपुर अनमोल दीक्षित, शक्तिकेंद्र संयोजक सुल्तानपुर इंद्रजीत चौहान उपस्थित रहे।

## नाटक भेदभाव का मंचन किया गया

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग 28 अगस्त 2025 को हरि सुधा सोशल रिफार्म फाउंडेशन हरदोई के कलाकारों द्वारा एव एस०वी०वी० इण्टर कालेज में मनमोहन सिंह जोती द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक भेदभाव का मंचन किया गया। हमारे समाज में फैली बुराइयां, समाज में होने वाले भेद. भाव, नारी शिक्षा, नारी सशक्तिकरण पर मनोरंजन के साथ–साथ जागरूकता पूर्ण नाटक का मंचन किया गया। कलाकार अमर सिंह, नागपाल, रजनीश कुमार, मुस्कान, सिमन अंसारी, सौरभ वर्मा, राजेश कुमार, लक्ष्य वर्मा, चक्रपाल, रंजीत कुमार, आदि कलाकारों ने अभिनय किया। नि:शुल्क शिक्षक सरविंद कुमार को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय से प्रधानाचार्य श्री नरेश कुमार अन्य अध्यापक व अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा । छात्र . छात्रों ने बड़े अनुशासित तरीके से नाटक को देखा व अनुशरण करने का निश्चय किया। कक्षा 11 की छात्रा दिव्या भारती, आराध्या मिश्रा व खुशबू के द्वारा नाटक मंचन को समझ कर स्वयं मंचन करने का प्रयास किया।

## तृतीय सप्त दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर क्षेत्र के बंदीपुर में श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ मंदिर में प्रतिदिन पूजन आरती व भजन सुबह ०7:00 से ०9:00 तक शाम को ०6:00 बजे से ०9:00 तक होगा यह सभी कार्यक्रम आचार्य सुभाष कुमार द्विवेदी के द्वारा संपन्न होंगे और नगर भ्रमण व गंगा तट पर गणेश विसर्जन का कार्यक्रम 2 सितंबर 2025 दिन मंगलवार को होगा कार्यक्रम के आयोजक अभय कुमार टीटू है।

## नकली सोना बेचते दो महिला पकड़ी गई

**माधौगंज( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ज्वेलर्स की दुकान पर दो महिलाओं ने नकली सोना बिक्री करने की कोशिश की। नकली सोने की जानकारी होने पर



दुकानदार ने दोनों महिलाओं को पुलिस के सुपुर्द कर तहरीर दी। कस्बे के सदर बाजार में केला आभूषण के ज्वेलर्स प्रमोद सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा आज दोपहर लगभग ०3:30 पर दो महिलाएं आयी जिनमे से एक ने अपना नाम राम श्री पत्नी राम लखन यादव ग्राम आछरामऊ थाना सुरसा बताकर एक जोड़ी झाला जिसका वजन 5 ग्राम 800 मिली है बिक्री के लिए दिया। प्रार्थी द्वारा जांच करने पर झाला नकली निकले। जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की पूछताछ पर महिला ने दुलारी पत्नी दर्शन ग्राम चमरतला मजरा सोतेरा थाना सुरसा व मालती पत्नी अरमान अब्दुलपुरवा पिहानी चुंगी बताया। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। व्यापार मंडल की भूमिका सराहनीय रही।

## देवी मंदिर से घंटा चोरी मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली कछौना के अंतर्गत टिकारी गांव निवासी राम बहादुर सिंह बबलू ने 25 अगस्त 2025 को गांव स्थित मां गोवर्धनी देवी मंदिर से घंटे चोरी का मामला अज्ञात चोरों के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। जिसके बाद उक्त प्रकरण पर हरकत में आई कछौना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज व अन्य सूत्रों की मदद से पांचवे दिन नीरज पुत्र शिवराज व कल्लू पुत्र सुंदरलाल निवासी जयसिंगापुर थाना टड़ियावा जनपद हरदोई को पांच घंटे व चोरी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह व शुभम मिश्रा, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, विकास शर्मा, अनुराग यादव उपस्थित रहे।

## 06 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पुलिस अधीक्षक जनपद हरदोई ने जिले में अपराध की रोकथामए चोरीए लूट व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को कछौना पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तिध्वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त बादल पुत्र मिश्रीलाल, कृष्ण पुत्र रामचन्द्र, राम पुत्र राजेन्द्र, अभिषेक पुत्र गुड्डू, पिंकू उर्फविवेक पुत्र अमर सिंह, सनी पुत्र रजौआ सर्व निवासीगण मोहल्ला ओमपुरी थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई को चोरी की घटना में प्रयुक्त दो पेचकस, एक प्लाश, एक ब्लेड कटरए दो टार्च छोटी व एक गुलेल व 4700 रुपये नगदी सहित गिरफ्तार किया गया। वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस टीम को गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि अभियुक्तों द्वारा 02 अगस्त 2025 को थाना कछौना क्षेत्रांतर्गत बालाजी फैक्ट्री फेस.02 के निकट से उपरोक्त बरामद उपकरणों का प्रयोग कर पिकअप डाला का शीशा खोलकर चालक के पर्स को चोरी किया गया था। जिसके संबंध में थाना कछौना पर मु0अ0सं0 302/25 धारा 303(2 बीएनएस पंजीकृत है। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2)/310(4)/310(5) बीएनएस की बढोत्तरी की।

## प्रेमिका ने अपने प्रेमी का काटा प्राइवेट पार्ट व्यक्ति गंभीर रूप से घायल लखनऊ रिफर

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क़स्बा मोहिद्दीनपुर में बुधवार की देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब राजस्थान से आया युवक अपनी प्रेमिका से मिलने पुन: की भांति उसके घर पहुंच गया रात्रि में दोनों



के बीच बातचीत बिगड़ गई तो प्रेमिका ने प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रेमी.प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में प्रेमिका ने अचानक प्रेमी के प्राइवेट पार्ट को ब्लेट से काट दिया। प्रेमी घायल अवस्था में प्रेमिका के घर से भागते हुए जान बचाई वही रात्रि गस्त पर घूम रहे पुलिस बल के सिपाहियों ने प्रेमी को भागते हुए देखा तो पीछा किया और उसे चोर समझकर घेर कर पकड़ लिया घायल प्रेमी ने अपना नाम रंजीत पुत्र योगेंद्र सिंह निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान बताया। रंजीत गंभीर रूप से घायल था रंजीत ने पुलिस को प्रेमिका के बारे में पूरी बात बताई और घायल अवस्था में वही गिर गया शोर गुल सुनकर मोहल्ले के काफी लोग इकट्ठा हो गए क्योंकि रात्रि में चोरो की दहशत से मोहल्ले के लोग जागते रहते हैं काफी संख्या में पुलिसकर्मी भी आ गये रंजीत का ब्लड बहते देख पुलिस ने सीएचसी मल्लावां में भर्ती कराया गम्भीर घायल अवस्था में डॉक्टर ने रंजीत को हरदोई रेफर कर दिया हरदोई में प्राथमिक उपचार के दौरान प्रेमी को लखनऊ रेफर किया गया जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मोहल्ले में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आया है। उन्होंने कहा कि घायल युवक की स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है। वहीं घटना को अंजाम देने वाली लड़की को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा कि मामले की गंभीरता देखते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी कि प्रेमिका के परिजन सपरिवार सहित उत्तराखंड में दैनिक मजदूरी का काम करते थे वहीं पर रंजीत गार्ड की नौकरी करता था एक दूसरे की जान पहचान वही से हो गई थी जिससे प्रेमी प्रेमिका के घर कई बार आ चुका था। अचानक प्रेमिका प्रेमी के बीच कौन सी बात बिगड़ी जो प्रेमिका ने घटना का अंजाम दिया।

## प्रकृति का रौद्र

जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो कितना घातक व विनाशकारी हो जाता है, इस बार की मूसलाधार मानसूनी बारिश ने हमें बता दिया है। लोग अब पानी के आवेग को देखकर डरने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को भयभीत किया है। हालात ने बताया है कि हमेशा शांत रहने वाले पहाड़ भी कितना रौद्र रूप दिखा सकते हैं। इस अतिवृष्टि से सड़कों, पुलों व स्थायी संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? दरअसल, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। राज्य ने इस स्थिति से निपटने के लिये एक 'व्यापक भावी कार्य योजना' तैयार करने के लिये कम से कम छह माह का वक्त मांगा है। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खमियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। निस्संदेह, प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिये वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। उनकी राय और सलाह नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगी। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिये काम करना चाहिए। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कोर ग्रुप या समितियों की सिफारिशों को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए। अन्यथा पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। हमें अतीत के अनुभवों से सबक लेने की भी जरूरत है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है। जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके। प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रणाली में सुधार करना समय की जरूरत है। निस्संदेह, खतरे के जरा से भी संकेत मिलने पर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में तनिक भी देरी नहीं की जानी चाहिए। साथ ही प्रभावित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को आपस में मिलकर प्राकृतिक आपदाओं से जुड़ी जानकारी परस्पर साझा करनी चाहिए। वहीं पर्यावरण अनुकूल उपायों को भी बढ़ावा देना चाहिए। निस्संदेह, दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से होने वाली जन-धन की हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

> **हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को भयभीत किया है। हालात ने बताया है कि हमेशा शांत रहने वाले पहाड़ भी कितना रौद्र रूप दिखा सकते हैं। इस अतिवृष्टि से सड़कों, पुलों व स्थायी संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है।**

# मेजर ध्यानचंद: खेल, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम के आदर्श

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष**

निखिलेश महेश्वरी

> **भारत के इतिहास पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होता है कि प्रत्येक महापुरुष के जीवन में किसी न किसी खेल का विशेष स्थान रहा है। श्रीकृष्ण की गेंद-खेल और कालिया नाग दमन की क्रीड़ा, भीम का गदा-युद्ध में अप्रतिम कौशल, अर्जुन का धनुष-बाण संचालन अथवा छत्रपति शिवाजी महाराज की सीमोल्लंघन की वीरतापूर्ण खेल-कूद की गतिविधियाँ, ये सभी केवल मनोरंजन के साधन नहीं थे, बल्कि उनके व्यक्तित्व-निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला थे। निःस्संदेह, इस देश की पावन मिट्टी में खेल-खेल में ही भगवान और वीर जन्म लेते रहे हैं। स्वामी विवेकानंद ने भी जब एक दुर्बल युवक को गीता पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते सुना तो पहले उसे गीता पढ़ने के बजाय फुटबॉल खेलने की सलाह दी।**

29 अगस्त 2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती है। उनका नाम आते ही हॉकी के मैदान में गेंद और स्टिक का अद्भुत संगम, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाला खेल-कौशल, और खेल के प्रति उनका अतुलनीय समर्पण स्मरण हो आता है। उनके अमूल्य योगदान के सम्मान में देश प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है। एक ऐसा दिन, जब खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक बन जाता है । खेलों का जीवन में महत्व अनुराग पुरोहित की इन पंक्तियों से सहज समझा जा सकता है–

''जीवन का हिस्सा बना खेल, जीवन में लाता है प्रकाश; यह तनाव को करता दूर, रोगों का करता है नाश। इससे आती है तंदुरुस्ती और होता है बुद्धि विकास; खेल खेलने से तन थकता, मन न थकता है बार-बार।''

भारत के इतिहास पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होता है कि प्रत्येक महापुरुष के जीवन में किसी न किसी खेल का विशेष स्थान रहा है। श्रीकृष्ण की गेंद-खेल और कालिया नाग दमन की क्रीड़ा, भीम का गदा-युद्ध में अप्रतिम कौशल, अर्जुन का धनुष-बाण संचालन अथवा छत्रपति शिवाजी महाराज की सीमोल्लंघन की वीरतापूर्ण खेल-कूद की गतिविधियाँ, ये सभी केवल मनोरंजन के साधन नहीं थे, बल्कि उनके व्यक्तित्व-निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला थे। निःस्संदेह, इस देश की पावन मिट्टी में खेल-खेल में ही भगवान और वीर जन्म लेते रहे हैं। स्वामी विवेकानंद ने भी जब एक दुर्बल युवक को गीता पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते सुना तो पहले उसे गीता पढ़ने के बजाय फुटबॉल खेलने की सलाह दी। उनका संकेत स्पष्ट था, मजबूत शरीर और स्फूर्त मन ही ज्ञान को आत्मसात कर सकता है। हमारे पारंपरिक भारतीय खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि वे मनुष्य के भीतर साहस, संगठन, धैर्य, बलिदान और जीवन-दर्शन जैसे गुणों का विकास करते हैं। उदाहरण के लिए, कबड्डी में आउट होकर फिर इन होना मानो मृत्यु के बाद नए जीवन का संदेश देता है। निःस्संदेह, देशज खेलों में गूढ़ शिक्षा छिपी है, जो खेलते-खेलते सहज ही मन में उतर जाती है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हमें अपने देश के पारंपरिक खेलों को स्मरण करते हुए भावी पीढ़ी को उनसे परिचित कराना चाहिए, साथ ही उन्हें आधुनिक खेलों में भी दक्ष बनाना चाहिए, क्योंकि खेल केवल शारीरिक स्फूर्ति का साधन नहीं, बल्कि चरित्र और संस्कारों के संवाहक भी हैं। यह खेल दिवस महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के स्मरण का अवसर है, जिनके अद्वितीय खेल कौशल और योगदान के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया। उनकी जयंती पर विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के बीच श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए हमें उनके जीवन और आदर्शों से प्रेरणा लेकर संकल्प करना चाहिए कि हम खेल जगत में न केवल उत्कृष्टता, बल्कि शुचिता और राष्ट्रभक्ति का भी परचम लहराएँगे। मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में हुआ। बचपन में उनमें खिलाड़ी जैसे कोई विशेष लक्षण नहीं थे, पर सतत साधना, अभ्यास, लगन और संकल्प से उन्होंने हॉकी में महारथ प्राप्त की, जो उन्हें विश्वविख्यात बना गई । छठी कक्षा तक पढ़ाई के पश्चात 1922 में वे मात्र 16 वर्ष की आयु में प्रथम ब्राह्मण रेजिमेंट, दिल्ली में सिपाही के रूप में भर्ती हुए। उनका असली नाम ध्यान सिंह था, लेकिन चांदनी रात में अभ्यास करने की आदत के कारण साथी उन्हें चंद कहने लगे और यही आगे चलकर उनका उपनाम बन गया–ध्यानचंद। 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में भारत को लगातार तीन स्वर्ण पदक दिलाने में उनका योगदान निर्णायक रहा। 1936 के बर्लिन ओलंपिक फाइनल में भारत ने जर्मनी को 8ऽ1 से हराया, जिसमें ध्यानचंद ने तीन गोल किए। जर्मन तानाशाह हिटलर भी उनके खेल-कौशल से इतना प्रभावित हुआ कि उन्हें अपनी सेना में उच्च पद का प्रस्ताव दिया, परंतु ध्यानचंद ने यह कहकर ठुकरा दिया– ''मैंने भारत का नमक खाया है, देश से गद्दारी नहीं करूंगा। अपने करियर में उन्होंने 1000 से अधिक गोल किए और 'हॉकी का जादूगर' तथा The Magician के रूप में विश्वविख्यात हुए। 1956 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया । 3 दिसंबर 1979 को वे इस दुनिया से सदा-सदा विदा हो गए, लेकिन उनकी स्मृति आज भी भारतीयों के हृदय में जीवित है।

''हार हुई तो मत घबराना, विजय मिली तो मत इतराना, वृत्ति खिलाड़ी भूल न जाना, आज रुके तो कल बढ़ जाना, विजय-पराजय जो भी आएं, निर्भय होकर खेल – खेल खिलाड़ी खेल, खेल खिलाड़ी खेल।'' आज खेल जगत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है–भ्रष्टाचार, डोपिंग, मैच फिक्सिंग, बढ़ती हिंसा और नशे की लत जैसी विकृतियाँ खेलों की शुचिता को आहत कर रही हैं। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि एक समय खेलों को कैरियर का विकल्प नहीं माना जाता था, किंतु आज परिस्थिति बदल चुकी है । उन्होंने कहा –''खेल विकास का महत्त्वपूर्ण पहलू है और मुझे खुशी है कि जहां एक समय बच्चों को खेलने पर माता-पिता से डांट पड़ती थी, वहीं आज माता-पिता को आनंद होता है कि उनके बच्चे खेलों में रुचि ले रहे हैं । मैं इसे शुभ संकेत मानता हूं । खेल प्रशासन में जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा खेल क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, निष्पक्षता और नैतिक आचरण को प्रोत्साहन देने हेतु 1 जुलाई 2023 से राष्ट्रीय खेल नीति (NSP) लागू की गई। इसमें एक एथलीट गोद लें, एक जिला गोद लें, एक स्थल गोद लें, एक कॉर्पोरेट-एक खेल तथा एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम-एक राज्य जैसी अभिनव पहलें शामिल की गई हैं। यह नीति खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, पारदर्शिता और सुनियोजित सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय खेल दिवस मनाते समय हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि मेजर ध्यानचंद का जीवन परिश्रम, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और शुचिता का अनुपम उदाहरण रहा है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें न केवल खेलों में उत्कृष्टता, बल्कि शुचिता और राष्ट्रभक्ति का भी परचम लहराने का संकल्प लेना चाहिए। आज देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार उनके नाम से दिया जाता है। फिर भी, उनके अमूल्य योगदान और अद्वितीय राष्ट्रभक्ति को देखते हुए यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि भारत सरकार उन्हें भारत रत्न से विभूषित कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करे।

# भारत-जापान संबंध : निवेश से रणनीति तक नई ऊँचाइयां

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और जापान के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे और सार्थक रहे हैं। बौद्ध धर्म से शुरू हुआ यह रिश्ता आज इक्कीसवीं सदी में व्यापक आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी साझेदारी का एक व्यापक एवं भरोसेमंद रूप ले चुका है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा ने एक बार फिर इस मित्रता को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बना दिया है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में गहरी हलचलें हैं, खास कर चीन के बाजार की आक्रामकता, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर का चलन जिस समय में सबसे अधिक दिखता हो । ऐसे में भारत-जापान संबंध न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए भी निर्णायक साबित हो सकते हैं। भारत और जापान के रिश्तों की नींव में स्वतंत्रता के बाद 1952 में परस्पर दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं। भारत उन चंद देशों में शामिल था जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पर थोपे गए सैन फ्रांसिस्को संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए। यह जापान के प्रति भारत की सकारात्मक सोच का प्रमाण था। इसके बाद से यदि हम देखें तो भरोसे की नींव का प्रभाव भारत के हित में कुछ इस प्रकार रहा है कि जापान पिछले दो दशकों में भारत में निवेश का बड़ा स्रोत बनकर उभरा है। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक भारत में जापान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है। यह भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत है। जापान ने अगले दस सालों में भारत में करीब 10 ट्रिलियन (5,800 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह 2022 में किए गए पाँच साल के लिए ज्5 ट्रिलियन (2,750 लाख करोड़ रुपए) निवेश की प्रतिबद्धता से कहीं ज्यादा है। जापानी निवेश ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, मशीनरी, स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल, हाई स्पीड रेल और बंदरगाह विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। टोयोटा, होंडा, सुजुकी, हिताची, पैनासोनिक और मित्सुबिशी जैसी कंपनियाँ भारत में लंबे समय से सक्रिय हैं। मारुति-सुजुकी का उदाहरण भारत-जापान औद्योगिक सहयोग की सफलता का एक ऐसा प्रतीक है जो वश्वि के कई देशों के लिए एक आदर्श मिसाल है। साथ ही एक बाजार के तौर पर यह साफ दिखाई देता है कि जापान को बड़े पैमाने वाले बाजार की जरूरत है और भारत यह अवसर देता है। अमेरिकी टैरिफ से मुनाफा घट रहा है, इसलिए जापानी कंपनियों को अब ऐसे बाजार की तलाश है जहाँ कीमतें कम हों और खपत ज्यादा। भारत इस मामले में सबसे उपयुक्त है यहाँ 1.4 अरब की जनसंख्या है, तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है और 6.4% जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। यही वजह है कि भारत आज भी जापान के लिए सबसे व्यवहारिक निवेश और व्यापार का अवसर बना हुआ है। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) भारत की अनेक परियोजनाओं में सहायक रही है, दिल्ली मेट्रो, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा आदि में इसके काम को देखा जा सकता है, जो दोनों ही देशों के परस्पर के विश्वास को दृढ़ करने का आधार है। यह स्पष्ट है कि जापान, भारत की आर्थिक प्रगति में एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक सहयोगी है। अतः इन सभी आधारों के प्रकाश में कहना होगा कि भारत और जापान एक-दूसरे के लिए अपरिहार्य हैं। भारत के लिए जापान उच्च तकनीक, पूँजी, हरित ऊर्जा समाधान और स्थायी निवेश का स्रोत है। जापान के लिए भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र, दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला वह देश हे, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जो अपने आप में एक विशाल उपभोक्ता बाजार है। दोनों देशों की यह परस्पर निर्भरता इन्हें स्वाभाविक साझेदार बनाती है। इन दोनों ही देशों के बीच यदि हम सम्बन्धों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करें तो ध्यान में आता है कि मोदी सरकार के दौर में भारत-जापान संबंध नई ऊँचाइयों तक पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा यदि किसी देश में की तो वह जापान ही है। इस दौरान संबंध ल्लविशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारीङ्क तक उन्नत हुए। अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल परियोजना में जापान का योगदान मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का क्वाड मंच सक्रिय हुआ। जापान ने भारतीय स्टार्टअप्स और डिजिटल नवाचारों में भी निवेश बढ़ाया। यह सब दर्शाता है कि मोदी सरकार में दोनों देशों के रिश्तों ने ठोस और दीर्घकालिक दिशा पाई है। आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है। भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं। मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है। साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है। जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी है। यह सहयोग भारत की ल्लनेट-जीरोङ्क प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीति को मजबूती देगा। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जापान की भूमिका निर्णायक हो सकती है। हालाँकि भारत-जापान संबंध मजबूत हैं, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस जापान यात्रा से हमें उम्मीद करना चाहिए कि इस दिशा में पहले से कई गुना बेहतर कार्य होगा और जो रुकावटें हैं, वे समाप्त होंगी। क्योंकि निवेश परियोजनाओं की धीमी प्रगति और नौकरशाही अड़चनें, व्यापार असंतुलन, क्योंकि भारत का आयात जापान से सबसे अधिक आज दिखाई देती हैं, जिनको लेकर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए अभी बहुत काम होना बाकी है। एक तरह से देखें तो भारत का मानव संसाधन और व्यापक बाजार तथा जापान की तकनीकी दक्षता और पूँजी, दोनों देशों को भविष्य में विभिन्न प्रकार से एक दूसरे के लिए सहयोग का अवसर प्रदान करते हैं। हमें समझना होगा कि वर्तमान दौर में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, भले ही फिर ऐसा दिखाई देता हो, क्योंकि इस यात्रा का जो समय है, वह उस वक्त में निर्धारित हुआ है, जब अमेरिका ने भारत को आर्थक रूप से कमजोर करने के लिए उस पर भारी भरकम टैरिफ लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का जापान जाना वस्तुतः आज यह दर्शा रहा है कि भारत अपने इस साझेदार को रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से उच्च प्राथमिकता देता है। पिछले वर्षों में भारत और जापान के संबंधों का दायरा केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचे और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं। इसलिए आज फिर एक बार भारत-जापान मित्रता का नया अध्याय लिखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच निवेश, तकनीक, हरित ऊर्जा, सुरक्षा और सांस्कृतिक सहयोग के बहुआयामी आयाम इस रिश्ते को आने वाले दशकों तक और मजबूत करेंगे। फिर भारत और जापान न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से बल्कि पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए भी एक-दूसरे के अपरिहार्य साझेदार हैं। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत और जापान की साझेदारी भविष्य की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है। इसके साथ ही एक जो सबसे बड़ा दोनों देशों के बीच साझा विरासत दिखाई देती है, वह भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को लेकर है, जोकि प्राचीन समय से ही बहुत गहरे रहे हैं। बौद्ध धर्म ने दोनों देशों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ा है। यही कारण है कि इस दिशा में लगातार शिक्षा और शोध में सहयोग से नई पीढ़ी के बीच अनेक अवसर बढ़ते हुए देखे गए। उम्मीद करें कि इस बार की ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा भी एक सफल और देश हित में बहुत परिणामकारी सिद्ध होगी ।

# विश्वगुरु बनने की नई इबारत लिखता भागवत का उद्बोधन

ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है,नए मनुष्य का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है। हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए-चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो। विशेष रूप से गरीब आदमी के उत्थान पर भागवत का जोर उल्लेखनीय था। उन्होंने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के 'अंत्योदय', विनोबा भावे के 'सर्वोदय' और दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। भागवत का दृष्टिकोण यह है कि राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जी सके। धर्मों की एकता पर उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत का इतिहास यही बताता है कि यहां विविधता में एकता की परंपरा



रही है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन-सभी धर्म इस भूमि पर फले-फूले हैं और सभी का मूल संदेश करुणा, सेवा और मानवता रहा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब धर्म को सत्ता की राजनीति से जोड़ा जाता है। भागवत का कहना था कि यदि हम धर्मों के मूल्यों को देखें तो उनमें कोई टकराव नहीं है। सबका आधार प्रेम, सत्य और सेवा है। यही साझा आधार भारत को एक ऐसा समाज बनाने में सक्षम है, जो विश्व के लिए अनुकरणीय हो। भागवत के विचार निश्चित रूप से भारत की सांस्कृतिक परंपरा और संघ की कार्यप्रणाली को नई स्पष्टता देते हैं, लेकिन यहां यह प्रश्न भी उठता है कि इन विचारों को व्यवहार में उतारने की राह कितनी सरल है? समाज की जटिलताओं, जातीय और धार्मिक तनावों, राजनीतिक स्वार्थों और आर्थिक विषमताओं के बीच नया मनुष्य बनाना एक दीर्घकालिक साधना है। आलोचक कहते हैं कि संघ के पास विचार तो हैं, लेकिन उनकी जड़ें अभी तक समाज के सभी वर्गों तक गहराई से नहीं पहुँची हैं। विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों में संघ के प्रति संदेह आज भी विद्यमान है। इसलिए केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्यों से यह भरोसा पैदा करना होगा कि संघ का हिंदुत्व वास्तव में सर्वसमावेशी है। इसी तरह गरीब के उत्थान और धर्मों की एकता की बातें विचारणीय हैं, किंतु यह भी देखना होगा कि क्या संघ और उससे जुड़े संगठन इस दिशा में ठोस योजनाएं और परिणाम दे पा रहे हैं? आलोचक यह प्रश्न उठाते हैं कि विकास की मुख्यधारा में गरीबों की स्थिति सुधारने में सामाजिक संगठनों से अधिक भूमिका सरकार की रही है। अतः यदि संघ इन बिंदुओं को अपनी कार्ययोजना का मूल बनाए, तो उसे केवल नैतिक आह्वान से आगे बढ़कर व्यावहारिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने होंगे। तभी यह दृष्टि प्रभावी सिद्ध होगी और भारत सचमुच उस दिशा में बढ़ सकेगा, जिसकी परिकल्पना व्याख्यानमाला में की गई। आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है-नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो यह संकल्प पूरे समाज का होना चाहिए। संघ को लेकर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उसकी विचारधारा संकीर्ण है, वह केवल बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। भागवत के इन वक्तव्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ का दृष्टिकोण न तो संकीर्ण है और न ही बहिष्कृत करने वाला। संघ का हिंदुत्व सर्वसमावेशी है, जिसमें सभी धर्म और सभी आस्थाएं स्थान पा सकती हैं। इसका उद्देश्य सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि समाज का नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण है। संघ की शताब्दी का यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज भारत का भविष्य एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी उपलब्धियां और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा है, तो दूसरी ओर आंतरिक चुनौतियां भी हैं-सामाजिक असमानता, जातीय तनाव, धार्मिक विद्वेष और मूल्यहीन राजनीति। इन चुनौतियों का समाधान केवल बाहरी सुधारों से नहीं, बल्कि भीतर से परिवर्तन लाने से होगा। यही संघ की कार्यप्रणाली है और यही भागवत का संदेश है। नये क्षितिज की ओर व्याख्यानमाला एक निष्कर्ष की ओर ही नहीं, बल्कि एक प्रश्न की ओर भी ले जाती है, क्या हम भारत को केवल भौतिक अर्थों में शक्तिशाली बनाना चाहते हैं या उसे वास्तव में विश्वगुरु बनाना चाहते हैं? यदि उत्तर दूसरा है, तो हमें भागवत के सन्देश को क्रियान्विति का धरातल देना ही होगा। दुनिया के लिये अपनेपन का नजरिया विकसित करना होगा, सौदे का नहीं।

# पात्रता की स्थिति में पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सभी होंगे लाभान्वित : सीडीओ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने विकास भवन स्थित सरस हाल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 का कार्य दिनांक 01 जनवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 15 मई 2025 तक चला है। भारत सरकार द्वारा इस बार 2 मॉड्यूल में सर्वे का कार्य कराया गया है जिसमें पहला सेल्फ सर्वे व दूसरा असिस्टेड सर्वे। जनपद की 451 ग्राम पंचायतों में कुल 181 सर्वेयरों की तैनाती गई थी जिनके द्वारा आवास प्लस ऐप के माध्यम से असिस्टेड सर्वे में 48461 एवं सेल्फ सर्वे में 6322 मिलाकर कुल 54783 परिवारों का सर्वे किया गया है। वर्तमान में सेल्फ सर्वे के डाटा पुष्टि किये जाने का कार्य सर्वेयर द्वारा शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। सर्वेक्षित डाटा के सत्यापन का कार्य ग्राम पंचायतों में तैनात 65 चेकर द्वारा किया जा रहा है। सेल्फ सर्वे के पुष्टि करना एवं चेकर द्वारा सर्वेक्षित डाटा के सत्यापन के सम्बन्ध में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एस.ओ.पी. निर्गत की गयी है कि सेल्फ सर्वे के शत-प्रतिशत डाटा के पुष्टि का कार्य सर्वेयर द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात रैण्डम आधार पर मिलने वाले सर्वेक्षित डाटा का सत्यापन चेकर द्वारा किया जायेगा। इस आशय की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं कि चेकर को सर्वे का सम्पूर्ण डाटा प्राप्त नहीं हो रहा है। लोगों में इस तरह की भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है कि चेकर को जिनका डाटा सत्यापन के लिए नहीं मिला है उनका डाटा इसी स्तर पर सर्वेक्षण से बाहर कर दिया गया है जबकि यह सही नहीं है। जनमानस को यह अवगत कराना है कि चेकर को सिस्टम द्वारा रैण्डम आधार पर वेरीफिकेशन के लिए डाटा मिला है जिसकी संख्या अलग-अलग ग्राम पंचायत में अलग-अलग हो सकती है। चेकर को केवल रैण्डम आधार पर सिस्टम द्वारा डाटा का ही सत्यापन करना है जो उसे भारत सरकार से प्राप्त हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इसके बाद खण्ड विकास अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी आगे भारत सरकार से रैण्डम आधार पर निर्धारित सीमा में प्राप्त होने वाले डाटा का सत्यापन किया जायेगा। तत्पश्चात भारत सरकार द्वारा सर्वेक्षित डाटा के पुष्टिकरण तथा सत्यापन में प्राप्त तथ्यों तथा पात्रता के मानक के अन्य पैरामीटर के आधार पर ऑटो सिस्टम जेनरेटेड लिस्ट जनपद/विकास खण्ड को सत्यापन के लिए उपलब्ध करायी जायेगी उसके बाद तैयार सूची का ग्रामसभा में सत्यापन होने के बाद प्राथमिकता निर्धारित करते हुए स्थायी पात्रता सूची का निर्माण होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने आमजन को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जाता है इसके लिए किसी से कोई भी धनराशि नहीं लिया जाता यह लाभ पूर्णतः निःशुल्क दिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति पैसे की मॉग करता है या इस कार्य में संलिप्त है तो उसकी शिकायत उन्हें स्वयं या अपने ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारियों से अवश्य करें जिससे सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्हांने कहा कि टोल-फ्री नम्बर भी जारी किया जायेगा जिसमें आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें।

# आए दिन गहराता जा रहा खाद का संकट

- यूरिया खाद न मिलने से मायूस होकर वापस लौट रहे किसान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



सफीपुर-उन्नाव। किसानों की खाद को लेकर परेशानी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। लगातार किसान साधन सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन यूरिया नहीं मिल पा रही है। बड़ी बात यह है कि जब समितियों में खाद की उपलब्धता है तब भी किसानों को वितरण नहीं हो रहा है।इससे किसान मायूस होकर वापस लौट रहे हैं और फसलें बर्बाद होने की कगार पर पहुंच रही हैं।

सफीपुर तहसील क्षेत्र में किसान धान उत्पादन बड़ी मात्रा में करते हैं।किसानों को धान फसल की रखवाली के साथ साथ यूरिया खाद लेने की जुगत में समिति से लेकर निजी दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं परन्तु किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

देवगांव साधन सहकारी समिति में यूरिया होने के बाद भी सचिव शिखर पटेल की मनमानी से किसानों को खाद नहीं दी जा रही है। किसान प्रतिदिन समिति के चक्कर लगा रहे हैं.जबकि सफीपुर क्षेत्र अंतर्गत देवगांव साधन सहकारी समिति में 400 बोरी का स्टॉक उपलब्ध है. इसके बावजूद किसानों को खाद नहीं मिल रही है जिस सचिव के पास देवगांव समिति का चार्ज है उसी के पास साधन सहकारी समिति दरौली का भी चार्ज है।सचिव द्वारा खाद वितरण के लिए सप्ताह में तीन तीन दिनों कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित कर रखा है।देवगांव समिति पर खाद वितरण के लिए सप्ताह में बृहस्पतिवार शुक्रवार और शनिवार सहित कुल तीन दिन पहले से ही निर्धारित हैं।साधन सहकारी समिति के गोदाम पर सैकड़ों की संख्या में खाद लेने पहुंचे किसानों में जितेंद्र कुमार,अनुज गौड़,जयराम, पुत्तू ,मुंशीलाल,मूलचंद्र,सत्यवान आदि ने बताया कि खाद समय पर न मिलने से धान की फसल बर्बाद हो रही है।वह लोग प्रतिदिन समिति पर खाद लेने जाते हैं, लेकिन ताला ही लटकता मिलता है। इस संबंध में समिति के सचिव शिखर पटेल ने बताया कि माढापुर और खंभौली में खाद वितरण के दौरान सचिवों से हुई अभद्रता और मारपीट से आहत हमारे संगठन की ओर से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हड़ताल की गई है जिससे खाद वितरण का कार्य बाधित है।

# पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ ज्वैलरी लूट का आरोपी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी, थाना कोखराज क्षेत्र के केशौवापुर में 23 अगस्त को हुई ज्वैलरी और रुपये से भरा बद्यक्स लूट के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात हुई मुठभेड़ में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी। पकड़े गए आरोपितकी पहचान प्रयागराज के पुरामुफ्ती क्षेत्र के मंदर निवासी सुमित पासी पुत्र संतोष पासी के रूप में हुई। केशौवापुर का मजरा बम्हरौली निवासी सूर्यभान सिंह के अनुसार 23 अगस्त को उसकी पत्नी दुकान पर थी। इस दौरान एक बदमाश दुकान पर आकर गुटखा मांगा जिसे लेने के लिए पत्नी दुकान के पीछे रखा गुटखा लाने चली गयी इसी दौरान दुकान में रखा ज्वैलरी व नकदी से भरा बद्यक्स लूट कर गुटखा लेने आया ब्यक्ति भाग निकला। पुलिस द्वारा पीड़ित सूर्यभान सिंह से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों और आरोपी की बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस ने उसे ट्रेस किया। गुरुवार की रात मुखबिरों की सूचना पर एसओजी व कोखराज थाना की पुलिस ने बरीपुर पुल के पास आरोपी का पीछा किया। भागने की कोशिश में आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की गोली सुमित के पैर में लगी। सीओ सिराथू सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक, अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और लूटा गया सामान बरामद किया गया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल के साथ ही अन्य आरोपियों की भी जानकारी की जा रही है।

## सुंदरकांड के पाठ के साथ प्रारंभ हुआ गणेश महोत्सव

शुक्लागंज-उन्नाव। श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल के तत्वावधान में साकेतपुरी नेहरू नगर के कृष्णा उपवन में 11वें गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के भव्य सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। यह उत्सव गुरुवार को सुंदरकांड के पाठ के साथ शुरू हुआ। आयोजकों ने एक प्रेस वार्ता में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। 29 अगस्त को बच्चों के लिए विशेष मेले का आयोजन होगा। इसके बाद 30 अगस्त को पारंपरिक डांडिया महारास का आयोजन किया जाएगा, जो भक्तों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। 31 अगस्त को राधा अष्टमी का पावन पर्व मनाया जाएगा। सितंबर माह में भी कई रोमांचक प्रतियोगिताएं होंगी। 1 सितंबर को महिलाओं के लिए थाल और मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 2 सितंबर को एक नृत्य प्रतियोगिता होगी, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

# डीएम ने सभी बाबुओं को प्रतिकूल प्रविष्ट व सभी सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन रोकने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक में फ़ेस कैप्चरिंग की प्रगति समीक्षा के दौरान विकास खण्ड कड़ा एवं नेवादा में प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सीडीपीओ को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास खण्ड सिराथू एवं कड़ा में आउट साइड जिओ फेंसिंग में अधिक संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सीडीपीओ से कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक कर आउट साइड जिओ फेंसिंग शून्य किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी सीडीपीओ से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्र अवश्य खुले अन्यथा जिम्मेदारी तय कर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ से कहा कि किसी भी जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को न बैठाया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जर्जर/छत टपकने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने पोषण ट्रैकर पर ए.एन.सी. की फीडिंग की समीक्षा के दौरान फीडिंग लंबित पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में तैनात सभी बाबुओं को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा सभी सुपरवाइजर का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को शत-प्रतिशत फीडिंग में प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी व जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन व्यास सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में उतराता मिला व्यक्ति का शव

पुरवा-उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनपद की सीमा से गुजरी सई नदी में बुधवार को एक व्यक्ति का शव तैरते हुए दिखाई देने से चर्चा का विषय बन गया। पुलिस ने मौके पर जाकर विधिक कार्यवाही की। प्राप्त विवरण के अनुसार मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम लउवा के संतू का 50 वर्षीय पुत्र रामदास सविता अपनी रोजी-रोटी नाई की दुकान से चला रहा था। ग्रामीणों के अनुसार कल उसके घर में परिजनों से कुछ कहासुनी हो गयी थी, जिसके बाद वह घर से चला गया था। रामदास सविता का शव आज गांव किनारे नदी में ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना परिजनों के साथ-साथ मौरावां पुलिस को भी दी। मौके पर पहुंचें प्रभारी निरीक्षक मौरावां कुँवर बहादुर सिंह ने शव को बाहर निकलवाया और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही पूरी की। देर शाम तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गयी थी। रामदास अपने पीछे पत्नी एवं 3 बेटियां और 1 बेटा छोड़ गया है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यूषण पर्व कि शुरुआत, दस दिन तक होगा आयोजन

बांदा। पर्यूषण पर्व के पहले दिन छिंदवाड़ा से प्रवचन करने आई बाल ब्रह्मचारी दीदी सुधा ने क्षमा धर्म के बारे में तारण तरण दिगम्बर जैन चौत्यालय छोटी बाजार मैंप्रवचन दिए , अपने प्रवचनों मे बताया कि उत्तम क्षमा धर्म क्रोध, द्वेष और अहंकार को त्यागकर सब जीवों के प्रति करुणा और क्षमा का भाव रखना ही उत्तम क्षमा धर्म है।क्षमा आत्मा का स्वभाव है,उन्होंने कहा कि शब्द ऐसे ना बोलिए की मन का आपा खोय, अर्थात शब्द औषधि का भी काम करता है और तीर्थ का भी ।क्षमा मांगने वाला अपना अहंकार त्याग कर शांति पाता है। यह शक्तिशाली लोगों का गुण है जो दूसरो से ताकतवर होंने की क्षमता रखते हुए भी उन्हें माफ़ कर देते हैं।क्षमा हमें सहनशीलता की प्रेरणा देती है। अपने मन मे क्रोध को पैदा ना होने देना और अगर हो जाए तो अपने विवेक ,नम्रता से बिफल कर चाहिए, क्रोध के कारण को समझना चाहिए और उसके द्वारा होने वाले नुकसान पर विचार करना चाहिए दूसरे को क्षमा करने से वह भी आत्म ग्लानि के भाव दूर हो जाता है मन कि दूरिया खत्म हो जाती है ओर प्रेम भाव बना रहता है,क्षमा धर्म पर और भी प्रकाश डालते हुए बताया कि जिनके पास क्षमा का गुण है, वे हमेशा प्रसन्नचित रहते हैं और उसके शत्रु भी नहीं होते हैं। मनुष्य के जीवन में क्षमा का बहुत बड़ा महत्व है। अगर कोई इंसान गलती कर दे और उसके लिए तुरंत माफी मांग ले तो सामने वाले का गुस्सा काफी हद तक दूर हो जाता है। प्रवचन के उपरांत माँ जिनवाणी अर्थात महावीर वानी की आरती हुई भक्तो ने दोनो हाथो मे आरती लेकर भजन कीर्तन के साथ आरती की।

### चंदवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अब चार दिन डाक्टर जनता का इलाज करेंगे

बांदा। सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने बताया कि मेरे द्वारा शासन स्तर पर की गई शिकायत पर अब ध्यान देते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारियों; बांदा सीएमओ महोदय व जसपुरा सीएमस महोदय द्वारा अब लगातार बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार को डाक्टर अस्पताल परिसर चंदवारा में बैठकर ग्रामीण जनता का इलाज करेंगे। चंदवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और स्टाफ के पहुंचने से क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के ग्रामीण अब अपना इलाज वही पर करवा पाएंगे। जिससे कि ग्रामीण जनता को पैसे और समय दोनों की बचत होगी और क्षेत्र के झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से मुक्ति मिलेगी। मै इस लड़ाई को लगातार कई सालों से लड़ रहा था जिसमें से अब अधिकारियों ने चंदवारा पीएचसी में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ को भेजा है। सभी साथियों के सहयोग से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होना हम लोगों की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि आज थाना कालिंजर पुलिस गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नौगवां में एक युवक खेत में बनी अपनी झोपडी में तमंचा के साथ मौजूद है । सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर घेराबन्दी कर युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ ।

### कई महीनों से फरार इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा 10 हजार रुपयें के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना बदौसा क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा 15 नवंबर 24 को थाना बदौसा पर सूचना दी गई कि उसके लडके सुरेश को किसी ने जान से मारकर खेत में फेंक दिया है । सूचना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बदौसा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

# एसपी के आदेशानुसार ''नो हेलमेट नो पेट्रोल'' चलाया अभियान

- आए दिन होने वाले एक्सीडेंट से बचाव के लिए चलाया जा रहा अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। 1 सितंबर से 30 सितंबर तक ''नो हेलमेट नो पेट्रोल'' का भी अभियान चलाया जा रहा है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा अगर पेट्रोल पंप ने बिना हेलमेट के दिया तो उन पर भी होगी कार्यवाही। उन्नाव पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर यातायात प्रभारी द्वारा हर जगह हाइवे पर बोर्ड लगाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि आज कल हाइवे पर लोग बिना हेलमेट के चलते हैं कहीं ट्रिपल सवारी करते भाग रहे हैं। ओवर स्पीड चलाते हुए एक्सीडेंट हो जाते बाइक चलाते हुए फोन पर बात करना अचानक डिसबैलेंस हो जाता कई बड़े हादसे के शिकार हो जाते हैं। इस पर रोकथाम के लिए उन्नाव के हाइवे मुख्य चौराहे व बाईपास पर बोर्ड लगा कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। यातायात के दीवान राम प्रकाश ने खुद अपने हमराहियों के साथ हर जगह बोर्ड लगवा रहे हैं। और सबसे अपील कर रहे हैं।

आज उन्नाव से लेकर सोहरामऊ से लेकर जाजमऊ के सभी रास्ते पर पेट्रोल पम्पर यातायात के दीवान राम प्रकाश ने बोर्ड लगवाया गग क्क्ख्खक्ख, गग घ्क्ख्टग्ख, के तहत अभियान चलाया गया। यह अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को कई महत्वपूर्ण नियमों के बारे में बताया। टीएसआई सुनील सिंह ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। चार पहिया वाहन सीट बेल्ट लगाकर ही चलाएं। बताया कि यातायात पुलिस का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

इसी लिए हाईवे के दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर लोगों को यातायात सुरक्षा की जानकारी और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान लोगों की न सिर्फ जान बचाने में मदद करेगा बल्कि दूसरों के जीवन की सुरक्षा में भी योगदान देगा।

## एसडीएम ने की समीक्षा बैठक

पुरवा-उन्नाव। गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल आदि के संबंध में क्षेत्र संबंधित अधिकारियों के साथ एसडीएम ने समीक्षा बैठक की और मातहतों को उचित दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने तीनों विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों, दोनों नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान थाना पुरवा, मौरावां और असोहा के श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर चर्चा की गई। एसडीएम ने निर्देशित किया गया कि रात में लाइट की व्यवस्था रहे, आने-जाने के रास्ते आदि का निरीक्षण कर लिया जाए। कोई भी गहरे पानी में न जाने पाए। उन्होंने कहा कि ठीक तरीके से विसर्जन स्थल पर बैरीकेटिंग की जाए। बारावफात को दृष्टिगत रखते हुए भी मार्गों की सफाई की जाए। विद्युत विभाग को पृथक से निर्देशित किया जा रहा है। प्रत्येक स्थल पर ड्यूटी लगाई जाए तथा ड्यूटी करने वालों को पहले ही सब समझा दिया जाए ।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी उन्नाव द्वारा सिकन्दरपुर सरोसी क्षेत्र में उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर कैश मेमो आदि की जांच की गई जांच में अनियमितता पाए जाने के स्थिति में कटियार बीज भंडार सम्राट अशोक कृषि सेवा केंद्र , कुशवाहा कृषि सेवा केंद्र , कामदगिरि कृषि सेवा केंद्र चिलौला का निरीक्षण किया गया सभी को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गई

साथ ही जिला कृषि अधिकारी उन्नाव द्वारा समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया समस्त उर्वरक नियमानुसार उर्वरक की बिक्री करें दुकान पर रेट बोर्ड स्टॉक बोर्ड कैश मेमो वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाए व संस्तुत मात्रा का बैनर अपने प्रतिष्ठान पर लगवाए।दुकान कदापि न बंद करे, तथा उर्वरक का वितरण निर्धारित मूल्य पर ही कृषकों को करे। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उर्वरक संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु कंट्रोल रूम नंबर 783982173, 9214848105 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दर्ज करा सकते हैं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नरैनी/बांदा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।विकास खंड सभागार में समीक्षा बैठक में शिक्षण कार्य संबंधी विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा समीक्षा बैठक मे महत्वपूर्व बिंदु यूडीआईएसडी के समस्त कार्य पूर्ण करना डीबीटी का कार्य पूर्ण करना, एक पेड़ मां के नाम, इको क्लब का कार्य पूर्ण करना, इंस्पायर अवार्ड का कार्य पूर्ण करना एवं संलग्न एजेंडे पर वार्ता की गई। समस्त एआरपी के द्वारा एकेडमिक बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा एफएलएन प्रशिक्षण शीघ्र प्रारंभ कराए जाने की कार्य योजना प्रस्तुत की गई।अंत में स्टार ऑफ दी मंथ के रूप में अच्छा कार्य करने वाले तीन शिक्षकों प्रधानाध्यापक उ.वि. कालिंजर तलहटी के बालकों के द्वारा इंस्पायर आवर्ड जनपद स्तर विजेता बनने के कारण। प्राव विव रिठौली गुणवत्ता एवं नामांकन, उपस्थिति अच्छी होने पर और यूपीएस नहरी गुणवत्ता एवं शिक्षा नवाचार के कारण यहां के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सभी सम्मानित प्रधानाध्यापकों द्वारा इस नवाचार की प्रसंशा की गई।

## नरैनी के पचोखर गांव में वायरल फीवर का कहर

बांदा। नरैनी तहसील के विकास खंड महुआ क्षेत्र के ग्राम पचोखर में हाल की अतिवृष्टि ने स्वास्थ्य संकट को जन्म दिया है। जलभराव और गंदगी के ढेर ने गांव को वायरल फीवर और मच्छरजनित बीमारियों की चपेट में ला दिया है। बजबजाती नालियां, जो सफाई के अभाव में कीटाणुओं का अड्डा बन गई हैं, और मुख्य मार्गों पर फैली गंदगी ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। इन बदहाल परिस्थितियों ने आवागमन को भी कठिन बना दिया है, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासी श्याम बाबू पयासी, मोतीलाल कोरी, राजबहादुर त्रिपाठी, दशरथ श्रीवास और रामदेव प्रजापति ने जिलाधिकारी का ध्यान इस गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पुराने जलकूपों और जलभराव वाले स्थानों पर मेलाथियान जैसी कीटनाशक दवा का छिड़काव न होने के कारण मच्छरों और संक्रामक कीटाणुओं का प्रकोप बढ़ रहा है। ये मच्छर और कीटाणु वायरल फीवर के साथ-साथ डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों को फैला रहे हैं।

# गणेश महोत्सव क दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

- कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किये गए मनमोहक नृत्य व गीत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाँदा। गणेश भवन शास्त्री नगर में चल रहे गणेश महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कलाकारों ने सुन्दर व मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पूरे समय तालियों की गणगणाहट से पंडाल गूँजता रहा। गुरुवार को महोत्सव की शुरुवात गणेश भवन में विराजमान श्री गणेश जी की प्रतिमा में आरती उतारकर की ग्री तत्पश्चात मेंहंदी व रंगोली प्रतियोगिता शुरू हुई । श्रीमती ज्योत्सना पुरवार, शकुंतला गुप्ता व डॉक्टर कल्याणी गोरे के खुशाल मार्गदर्शन व नेतृत्व में बालिकाओ ने अपने अपने हाथो में मेहंदी रचाकर प्रदर्शित किया इसी प्रकार बच्चों द्वारा रंगबिरंगी रंगोली सजाई गई जिसमे गणेश जी की मूर्ति फूलपत्ती व राष्ट्रीय ध्वज आदि विभिन्न विधाओं को प्रदर्शित किया गया था जिनको सभी दर्शकों द्वारा सराहा गया तत्पश्चात श्रीमती श्रद्धा निगम व श्रीमती निशा गुप्ता कि मानदर्शन में स्थानीय कलाकारो द्वारा सांस्तकृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति की गई सभी कलाकार रंगबिरंगे परिवेश में नृत्य व गीत प्रस्तुत कर छटा बिखेर रहे थे, म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारो ने शानदार प्रस्तुति दे कर वाहवाही लूटी जिले के मशहूर कलाकारो ने सुंदर गीत की प्रस्तुति देकर साथ ही नाटक का सुंदर मंचन कर लोगों का मन मोह लिया तिरंगे झंडे के साथ नन्हे मुँहे कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रमों को देखने व सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी पूरा पंडाल खचाखच भरा रहा । नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू ने सभी कलाकारों व दर्शकों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन संजय काकोनिया ने अपने सुमधुर स्वरों से किया कार्यक्रम में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, अशोक कुमार अवस्थी, विद्यासागर द्विवेदी, सुशील कुमार तिवारी, निखिल सक्सेना, नीरज त्रिपाठी, उत्तम सक्सेना, सत्यदेव त्रिपाठी, सचिन चतुर्वेदी, संतोष कुमार करवरिया, रोहन सिंहा, रामलखन सिंह राजपूत, विजय ओमर, धनी राम वर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गोला रेंज के गांव देबीपुर में पिजड़े में कैद हुई बाघिन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- लगभग दो महीने से दहशत के साये मे जी रहे थे ग्रामीण
- वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी की अगुवाई मे वन विभाग की टीम को मिली सफलता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। दक्षिण खीरी डिवीज़न के गोला रेंज में कई दिनों से घूम रही बाघिन को वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पिंजरे में क़ैद कर लिये जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के मुताबिक यह बाघिन ग्रामीण इलाकों में भटक कर पहुंच गई थी, जिसके चलते लोगों में दहशत का माहौल था। वन विभाग लगातार उसकी लोकेशन ट्रैक कर रहा था और आखिरकार पिछले शुक्रवार को लगाए गए पिंजरे में वह कैद हो गई।

अधिकारियों का कहना है कि बाघ की स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी और फिर दिशा-निर्देशों के अनुसार उसे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है क्योंकि बीते कुछ दिनों से बाघ की दहाड़ और मूवमेंट के कारण खेतों में जाना भी मुश्किल हो रहा था। वन क्षेत्राधिकारी गोला संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि इस बाघिन ने विगत 23 जुन को रतनापुर गाव निवासी अपने खेत पर चारा लेने गये प्रदीप पुत्र मोहन (15) पर हमला कर दिया था जिसको गम्भीरा अवस्था के बाद लखीमपुर से लखनऊ रेफर किया गया था वहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई थी। इतना ही नही रतनापुर गांव के आस पास देवीपुर सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक गावो मे दर्जनो बकरियो को घर से खीच ले जाकर अपना निवाला बना लिया था।

जिसके चलते दहशत का पर्याय बनी बाघिन को पकडने के लिये डीएफओ संजय विश्ववाल के दिशानिर्देश के पश्चात दो स्थानो पर बाघिन को पकडने के लिये पिगडा लगाया गया था।

जो कि इसकी लोकेशन के लिये वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी की टीम बराबर गस्त कर रही थी। जिसके चलते ग्रंन्ट नंबर ग्यारह गोला रेंज की पश्चिमी बीट के गांव देवीपुर मे ब्रहस्पतिबार की अल सुवह लगभग दो बजे वन विभाग के द्वारा लगाये गये पिजडे मे कैद हो गई। जिसके पश्चात गांव व क्षेत्रवासियो ने राहत की सांस ली है।

## उर्वरक दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

सफीपुर-उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी उन्नाव द्वारा सफीपुर क्षेत्र में उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर कैश मेमो आदि की बाबा बर्फानी चकलवंशी , कुशवाहा कृषि सेवा केंद्र, गौड़ कृषि सेवा केंद्र ,की जांच की गई जांच के दौरान गोपाल खाद भंडार सफीपुर गौड़ खाद भंडार सफीपुर किसान सहकारी क्रय विक्रय समिति सफीपुर, द्विवेदी खाद भंडार का प्रतिष्ठान बिना सूचना के बंद होने के कारण सभी को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गई। साथ ही जिला कृषि अधिकारी उन्नाव द्वारा समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया समस्त उर्वरक नियमानुसार उर्वरक की बिक्री करें दुकान पर रेट बोर्ड स्टॉक बोर्ड कैश मेमो वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाए व संस्तुत मात्रा का बैनर अपने प्रतिष्ठान पर लगवाए।दुकान कदापि न बंद करे, तथा उर्वरक का वितरण निर्धारित मूल्य पर ही कृषकों को करे। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक कुंभी में एफ.एल.एन./ एनसीईआरटी प्रशिक्षण का दूसरा बैच सम्पन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला कुंभी ब्लाक संसाधन केंद्र कंजा में गुरुवार को एफ.एल.एन./एनसीईआरटी प्रशिक्षण के दूसरे बैच का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम के निर्देशन में आयोजित किया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में ब्लॉक क्षेत्र के 50-50 शिक्षकों के दो बैच शामिल रहे। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित गतिविधियों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। कुल छह बैचों में यह प्रशिक्षण संपन्न कराने की योजना है। सुगमकर्ता ए.आर.पी. हिमांशु वर्मा, विनोद कुमार गौतम, आदेश शुक्ला और गुरबक्श सिंह ने वीणा-1, गणित मेला, संतूर (कक्षा 3) जैसी पुस्तकों पर आधारित गतिविधियों को विस्तार से समझाया। साथ ही संशोधित निपुण लक्ष्य, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का प्रयोग, ट्रैकर भरना, गणित की जोड़, घटाव, गुणा व भाग की अवधारणाएँ, भाषा एवं गणित स्किल, फोर ब्लॉक मॉड्यूल, जी.आर.आर. तथा आई.के.एस. मॉड्यूल पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षण के दौरान सुगमकर्ताओं ने जोर दिया कि बच्चों में रुचि जगाने के लिए कक्षा में रचनात्मक गतिविधियों को शामिल करना जरूरी है। इस अवसर पर तकनीकी सहयोग विकास वर्मा और नवनीत वर्मा ने दिया। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया गया गणेश महोत्सव डॉक्टर कौशल वर्मा ने किया शुभारंभ



अजान खीरी। गणेश उत्सव की धूम के बीच गोला क्षेत्र के ग्राम भैठिया में हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले भव्य और दिव्य गणेश महोत्सव का मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सनशाइन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉक्टर वर्मा ने गणेश जी का विधिविधान से पूजन अर्चन कर सर्व समाज के लिए मंगल कामना की। यह महोत्सव लगातार तीसरी बार आयोजित हुआ है और क्षेत्र में धार्मिक समरसता, एकता, उल्लास, सद्भाव प्रेम और सौहार्द की मिसाल बना हुआ है। पूजा का पंडाल बहुत ही आकर्षक और करीने ढंग से सजाया जाता है, जोकि लोगों के आकर्षण का केंद्र है। आयोजक कैलाश वर्मा, आशीष वर्मा, सुशील वर्मा ने मुख्य अतिथि डॉक्टर कौशल वर्मा को फूल मालाओं से लाद कर स्वागत किया और उन्हें धार्मिक प्रतिमा प्रदान की। इस मौके पर मदन मोहन झा, लालाराम, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज सिंह, अभिषेक वर्मा, सुमित वर्मा, संतराम, हरदयाल, अरविंद वर्मा, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। गणेश महोत्सव के दौरान ग्राम भैठिया में उल्लास और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने गणेश जी की पूजा-अर्चना कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गणेश जी की भक्ति में डूब गए।

### मोहल्ला वासियों ने मिलकर किया गणेश उत्सव का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पंचम श्री गणेश उत्सव का आयोजन विकास चौराहा पश्चिमी दिक्षीताना वार्ड नंबर 14 में धूमधाम से किया गया। मनाया गया गणेश उत्सव का कार्यक्रम रंजन कश्यप दिलीप कश्यप सुरेंद्र राठौर अनूप गुप्ता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता विद्या राम गुप्ता सोनू कश्यप मोहित राठौड़ अंचल कश्यप सभी मोहल्ला वासियों ने मिलकर धूमधाम से किया गया। आयोजित गणेश उत्सव में तरह-तरह के प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमो को देखने पूजा पाठ करने हेतु श्रद्धालुओं की होडसी लगी रही।

### हादसे के बाद सजग हुआ लोक निर्माण विभाग

बांगरमऊ-उन्नाव। नगर के हरदोई उन्नाव मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद के निकट मरी कंपनी मोड़ के पास हुए हादसे में तीन व्यक्तियों के जिंदा जलने के बाद लोक निर्माण विभाग अब सजग हुआ है। मरी कंपनी के पास घुमावदार मोड़ के पास वाहन चालकों की सुविधा के लिए दोनों ओर ठहरिए व मोड़ के संकेतांक लगाए गए हैं। जिससे अब वाहन चालक मोड़ आने के पहले ही सतर्क हो जायेगे। बांगरमऊ क्षेत्र में हरदोई उन्नाव मार्ग पर मरी कंपनी मोड़ पर 20 अगस्त को तड़के लगभग तीन बजे मौरंग लदे डंपर और कैमिकल लदे मिनी ट्रक में आमने सामने की टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों के चालक व डंपर का खलासी केबिन में ही फंस गए थे। इसी बीच लगभग पांच मिनट बाद भी डंपर के डीजल टैंक में आग लग जाने से दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई थी। और डंपर का चालक पवन कुमार व खलासी सुमित और मिनी ट्रक का चालक महिपाल की जिंदा जलने से मौत हो गई थी। वहीं मिनी ट्रक के खलासी सोनू ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई थी। बता दें मरी कंपनी मोड़ काफी घुमावदार है और आए दिन वाहन चालक यहां गिरकर घायल हो जाते है। हादसे के पहले लोक निर्माण विभाग की ओर से मोड़ पर किसी तरह के संकेतांक नहीं लगाए थे। जिसमें चर्चा यह भी थी कि संकेतांक न होने से वाहन चालक मोड़ समझ नहीं पाए और आमने सामने टकरा गए। हादसे के एक सप्ताह बाद लोक निर्माण विभाग सचेत हुआ और मोड़ के दोनों ओर संकेतांक लगवाए गए है वहीं अभी भी बांगरमऊ क्षेत्र के कई मोड़ है जहां पर संकेतांक नहीं लगे हुए हैं।

## बोलेरो सवार लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे, 3 गिरफ्तार अवैध असलहे बरामद



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

धौरहरा खीरी। ईसानगर पुलिस ने बुधवार रात मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लहरपुर (सीतापुर) के रहने वाले तीनों अभियुक्त बोलेरो गाड़ी में नौरंगपुर पुल के पास संदिग्ध हालत में पकड़े गए। तलाशी में उनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन, तीन देशी तमंचे, तीन कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बोलेरो (ठघ 30 ठ 8454) बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में गुलफान उर्फ रहमान (22), जुबैर (20) और गुलफाम (19) शामिल हैं। तीनों के खिलाफ ईसानगर थाने में पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी सहित कुल 8 पुलिसकर्मी शामिल थे।

## हैदराबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



अजान खीरी। हैदराबाद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने त्रिलोकपुर चौराहे के पास से चंद्रपाल पुत्र रामप्रसाद और नीरज पुत्र रामसिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम मोतीपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने इस मामले में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 307/2025 धारा 60 क्ब इद्प पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है। इस कार्रवाई में उ0नि0 अशोक कुमार सिंह, का0 संजीव कुमार और का0 कन्हैया तेजयान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अबू हुजैफा व अमन खान ने कुरआन-ए-पाका हिफ्ज किया मुकम्मल





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। कस्बा कुकरा में सरकार से मंजूर शुदा मदरसा दारुल उलूम के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद हनीफ कासमी के नूरचश्म अबू हुजैफा व मरहूम मो.यासीन खान का पोता तथा मो.इरफान खान के नूरचश्म अमन खान को मदरसा दारुल उलूम के मुदर्रिश हाफिज मुजीबुल्ला खान ने दोनो तलबा को कुरआने पाक हिफ्ज मुकम्मल कराया। इजलास में दस्तारबंदी के मौके पर संसारपुर मस्जिद के इमाम व मुदर्रिश मौलाना मोहम्मद साजिद कासमी ने कुर?आने पाक का हिफ्ज मुकम्मल करने वाले दोनों तालिबेइल्मो में अबू हूजैफा व अमन खान की दस्ताबंदी करते हूए हिफ्ज मुकम्मल करने का सर्टिफिकेट जारी किया। इस्लामी जलसे के संसारपुर से आए मेहमान ए खुसीसी मौलाना मोहम्मद साजिद कासमी ने जलसे को खिताब करते हुए फरमाया कि मजहब-ए-इस्लाम के संस्थापक व अंतिम महर्षि हजरत मोहम्मद साहब के लाए हुए कुरआन-ए-पाक की तालीम हासिल करना फ़र्ज़ व हिफ्ज करना मोमिन पर लाज़िम है।इस मौके पर दारुल उलूम के प्रिंसिपल वली मोहम्मद गाजी,मुफ्ती आदिल अखलाक कासमी,मौलाना मोहम्मद ताहिर कासमी,कारी वकील अहमद, कारी अब्दुलवहाब, मौलाना अब्दुल कय्यूम, हाफिज मोहम्मद नाजिम,हाफिज अतिकुर्रहमान, हाफिज अब्दुलहादी, हाफिज मुजीबुल्ला खान,मोहम्मद इरफान खान,सहित तमाम मजहबे इस्लाम के दीवानों ने जलसे में शिरकत की ।

## अवैध अस्पताल में महिला की बच्चेदानी निकाले जाने का मामला, डीएम की सख्ती से हड़कंप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। गोला रोड स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां एक महिला की बच्चेदानी निकाल दी गई थी। इस मामले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया और संचालक के खिलाफ क्क्रट दर्ज कराई। जांच में पाया गया कि अस्पताल बिना पंजीकरण के अवैध रूप से चल रहा था। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अवैध चिकित्सालयों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से पूरे जिले में निजी अस्पतालों में हड़कंप मच गया है। डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने 16 क्षेत्रों में दो सदस्यीय समितियों का गठन किया है जो अवैध चिकित्सालयों पर कार्रवाई करेंगी। इन समितियों में टीम लीडर के रूप में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नामित किए गए हैं, जबकि संबंधित क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सदस्य होंगे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध चिकित्सालयों को बख्शा नहीं जाएगा। बिना पंजीकरण या नियमविरुद्ध संचालन करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी सीएचसी अधीक्षकों को इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने के भी निर्देश दिए।

## खाद मिलने के कारण किसानों ने काटा हंगामा

औरास-उन्नाव। खाद न मिलने से किसानों हंगामा किया। गुरुवार सुबह होते ही सीमऊ समिति पर खाद बांटने की सूचना पर सैकड़ो किसान यूरिया खाद लेने के पहुंच गये। कुछ देर बाद पुलिस फोर्स व क्षेत्रीय लेखपाल समिति सचिव ओमप्रकाश यादव ने खाद वितरण करनें के लिए लाइन भी लगवा दी। दो घंटे किसान खाद लेने के लिए धूप में खड़े रहें अचानक सचिव ओमप्रकाश यादव ने खाद वितरण करनें से मन कर दिया। जिसके बाद किसान उग्र हो गए और समिति पर पहुंचकर हंगामा करने लगे हंगामा कर रहे किसानों को क्षेत्रीय लेखपाल ने खाद मिलने का आश्वासन देकर शांत कराया। किसान रमेश यादव, नरेंद्र सिंह, पप्पू, राजेश सैनी, विनोद कुमार, रामचंद्र आदि ने बताया समय से खाद न मिलने पर फसल बर्बाद हो रहीं हैं।

## गलत इलाज के चलते महिला की मौत, आरोपी डॉक्टर फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे के पास एक अवैध मेडिकल क्लीनिक में इलाज के दौरान एक 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया है और कहा है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण उनकी मां की जान गई है। मामले के अनुसार, करौहा गांव निवासी गुड़िया पत्नी ओमप्रकाश निगम को उनके पुत्र विशाल ने मामूली बुखार होने पर डॉक्टर दिनेश कुमार यादव के क्लीनिक में दिखाया था। डॉक्टर ने उन्हें दवाएं दीं और घर भेज दिया, लेकिन जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें फिर से क्लीनिक में लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें भर्ती कर लिया और इलाज शुरू किया। शाम को जब महिला की हालत बिगड़ने लगी, तो डॉक्टर ने उन्हें जिला मुख्यालय पर किसी दूसरे डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। इसी दौरान डॉक्टर और महिला के पुत्र में कहासुनी हो गई और महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद डॉक्टर अपनी टीम के साथ क्लीनिक छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## श्री रामलीला समिति की बैठक हुई सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटीकाशी गोला नगर में ऐतिहासिक रामलीला मेला को लेकर बुधवार शाम को श्रीराम जानकी मंदिर खुटार रोड पर श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक हुई ,जिसमें रामलीला समिति गोला के रामलीला प्रेमी व समिति संरक्षक जनार्दन गिरि अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता, पंकज सक्सेना, राकेश तिवारी ,बड़े रमेश कुमार गुप्ता, राजेश आनंद, पंकज त्रिपाठी, सुरेश जयसवाल, मुन्नालाल, संजय कुमार, संजय गुप्ता, विनोद स्वर्णकार, सस्तेंद्र पुरवार, पंकज तिवारी, सुरेश जयसवाल, सुनील गुप्ता, सुभाष मिश्रा, प्रेमचन्द जायसवाल, अवधेश जायसवाल, अजय तिवारी, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, जितेंद्र सिंह, पंकज कोहली, रामऔतार अवस्थी, आदर्श सोनी, अनिल जलोटा, सुशील कटियार, रिंकल राजपूत, रमेश बाजपेई, रामस्वरूप यादव ,ओमशंकर राजपूत आदि रामलीला प्रेमी उपस्थित हुए जिसमें संरक्षक जनार्दन गिरि ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार रामलीला पार्टी अच्छी से अच्छी मंगाई जाए जिस पर रामलीला समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की जिस पर सभी पदाधिकारीयों ने सहमति प्रदान की जिसमें महामंत्री पंकज गुप्ता ने पिछले वर्ष 2024 का आय- व्यय ब्यौरा सुनाया और इस वर्ष के लिए और अधिक परिश्रम कर नये सदस्यों को जोड़कर अच्छी रामलीला करवाने पर जोर दिया।

कोषाध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने कहा सभी पदाधिकारी से विनती कर कहा कि अधिक से अधिक संख्या में साथ चलकर मेला रामलीला के लिए सहयोग लाने की कृपा करें जिससे रामलीला मेला अच्छा से अच्छा कराया जा सके।

## बजरंग दल ने श्रवण कुमार वर्मा को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, संगठन को मिलेगा नया आयाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। राष्ट्रीय बजरंग दल की मासिक बैठक गोला नगर के अलियापुर स्थित बाला जी मेडिकल स्टोर पर संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकाश जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन आकाश जायसवाल ने किया, जिसमें संगठन की विस्तार योजनाओं और भावी रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्रवण कुमार वर्मा को बजरंग दल का विधान सभा उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इस नियुक्ति के साथ ही वर्मा को संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बजरंग दल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश जायसवाल ने वर्मा की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के युवा सदस्य सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, श्रवण कुमार वर्मा अब संगठन की विधान सभा इकाई का नेतृत्व करेंगे और संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। वर्मा की नियुक्ति से संगठन को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है। बैठक में बजरंग दल के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया, पंकज सिंह तोमर, मनोज शुक्ला, अखिलेश जायसवाल, आकाश अवधेश जायसवाल, नीरज वर्मा, कौशल वर्मा, गगन कुमार, दीपक दीक्षित, और पारुल मिश्रा प्रमुख थे।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्रांक 1136 (2) न0पा0प0ज0/2025-26 दिनांक: 28 अगस्त, 2025

(सार्वजनिक सूचना)

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जलालाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 (दिनांक 28 जून, 2024) के अन्तर्गत 25 वार्डों के सर्वेउपरान्त नगर के 4 वार्ड (मुश्ताकनगर, नवीननगर हाफिजनगर प्रेमनगर) का सत्यापन कर वर्ष 2025-26 से नवीन भूमि / भवन पर गृहकर एवं जलकर का निर्धारण किया गया है। जो पालिका कार्यालय में नगरवासियों के अवलोकनार्थ रक्षित किया गया है। जिसे कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखा जा सकता है।

उक्त के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह इस सम्बन्ध में अपनी लिखित आपत्ति / सुझाव पालिका कार्यालय में इस सूचना की प्रकाशन तिथि से एक माह के भीतर उपलब्ध करा सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए करों का निर्धारण अंतिम रुप से कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
जलालाबाद, शाहजहाँपुर।

# एशिया कप के जरिये विश्व कप में जगह बनाने पर भारतीय हॉकी टीम की नजरें

एजेंसी

राजगीर। तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से के खराब फॉर्म को भुलाकर पुरूष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी जिसे शुक्रवार को पहले मैच में चीन से खेलना है। भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। कजाखस्तान तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है जिसने ओमान की जगह ली है जबकि बांग्लादेश की जगह पाकिस्तान खेल रहा है। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से नाम वापिस ले लिया। हर पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि फाइनल सात सितंबर को होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का भारत के पास सर्वश्रेष्ठ और आखिरी मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया जब यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे जिससे कोच क्रेग



फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। फुल्टोन ने स्वीकार किया कि एशिया कप इस साल का सबसे अहम टूर्नामेंट है। भारत को इस टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग मिली है और टीम बेहतरीन प्रदर्शन करके आलोचकों का मुंह बंद करना चाहेगी। इसके लिये कोच फुल्टोन को रक्षण पर फोकस वाली अपनी रणनीति बदलनी होगी जो प्रो लीग में नाकाम रही। भारत ने आठ मैचों में 26 गोल गंवाये और कई बार डिफेंडरों की गलती से हारे। इस टूर्नामेंट में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम डिफेंस में कोई कोताही नहीं बरत सकती। भारत की चिंता का सबब पेनल्टी कॉर्नर भी है जिसमें हरमनप्रीत सिंह पर अधिकांश दारोमदार रहता है। उनकी गैर मौजूदगी में अमित रोहिदास, जुगराज सिंह और संजय अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके हैं। प्रो लीग के यूरोप चरण में गोलकीपिंग भी चिंताजनक रही। पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा दबाव में दिखे हैं। पाठक हवा में आती गेंद पर काबू नहीं कर पाये हैं और करकेरा दबाव झेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने 2023 एशियाई खेलों और 2024 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में 14 मैचों में 94 गोल किये। लेकिन टीम को आत्ममुग्धता से बचना होगा क्योंकि 2022 एशिया कप में उसे कांसे से संतोष करना पड़ा था।

## बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025
# दूसरे दौर में हारकर बाहर हुए एचएस प्रणय

एजेंसी

पेरिस। भारतीय शटलर एचएस प्रणय बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025 के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। प्रणय ने विश्व नंबर-2 एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क) के खिलाफ बड़ा उलटफ़ेर करने की कोशिश की, लेकिन रोमांचक संघर्ष के बाद दूसरे दौर में 8-21, 21-17, 21-23 से हारकर बाहर हो गए। प्रणय के पास निर्णायक गेम में दो मैच प्वॉइंट थे, लेकिन वह मौके को भुना नहीं सके। मैच के बाद उन्होंने निराशा जताई और कहा, आखिरी कुछ अंकों में मैंने खराब शॉट खेले। मुझे ज्यादा ऊर्जा बचाकर आक्रामक खेलना चाहिए था। एंटोनसेन ने आखिरी 3-4 प्वॉइंट में आक्रमण किया और मैंने उन्हें आसान स्मैश दिए, जिससे खेल पलट गया। मुझे नेट पर और मौके लेने चाहिए थे।



पहले गेम में कमजोर शुरुआत के बावजूद प्रणय ने दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक तक खींचा, लेकिन अंत में गलतियां उन्हें महंगी पड़ी। उन्होंने कहा, बड़े टूर्नामेंट में मैच प्वॉइंट गंवाना हमेशा दर्द देता है। एक मैच पूरी प्रतियोगिता की दिशा बदल सकता है। अगर आप किसी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी को हराते हैं तो आत्मविश्वास मिलता है, लेकिन हारने पर सारी मेहनत व्यर्थ लगती है और खुद पर शक होने लगता है। विश्व और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय पिछले कुछ वर्षों से कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते रहे हैं। उन्हें पुरानी पेट की समस्या, कमर की चोट और पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले चिकनगुनिया जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आगे कहा, मैं लगातार सुधार की कोशिश कर रहा हूं। खेल के लिहाज से मैं अब भी कुछ साल खेल सकता हूं, लेकिन फिटनेस के मामले में युवा खिलाड़ियों के साथ तालमेल बिठा पाना मुश्किल हो रहा है। खेल की गति बहुत तेज है और शरीर वैसा रिस्पॉन्ड नहीं करता। यह खेल की वास्तविकता है। प्रणय ने संकेत दिया कि उनका अगला विश्व चैंपियनशिप शायद आखिरी हो सकता है। उन्होंने कहा, शायद एक और। आप चाहते हैं कि दो-तीन साल और खेलें, लेकिन अधिकतम एक और चैंपियनशिप ही खेल पाऊंगा, वो भी अगर खुद को काफी खींच पाया तो।

## संक्षिप्त समाचार

### मेदवेदेव पर खेल भावना के उल्लंघन के कारण 42500 डॉलर जुर्माना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के दानिल मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5 . 4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिये कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी।

### एब्रिल पेपर टेक का आईपीओ 29 अगस्त को, मूल्य 61 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली।** एब्रिल पेपर टेक ने अपने 13.42 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 61 रुपये प्रति शेयर की कीमत तय की है। सूरत स्थित एब्रिल पेपर टेक ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ 29 अगस्त को आवेदन के लिए खुलेगा और दो सितंबर को बंद होगा। कंपनी का शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होगा। यह आईपीओ पूरी तरह से 22 लाख नए शेयर का निर्गम है, जिसका अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर है। आईपीओ के लिए निर्धारित मूल्य के ऊपरी स्तर पर कंपनी को 13.42 करोड़ रुपये हासिल हो सकते हैं। नए निर्गम से प्राप्त 5.40 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग दो अतिरिक्त पूर्ण स्वचालित सब्लिमेशन पेपर कोटिंग एवं स्लिटिंग मशीनों के लिए, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कंपनी कार्यों के लिए किया जाएगा। एब्रिल पेपर टेक लिमिटेड (एपीटीएल) सब्लिमेशन पेपर रोल और संबंधित उत्पादों के विनिर्माण और विपणन से जुड़ी है। सब्लिमेशन हीट ट्रांसफर पेपर एक विशेष प्रकार का कागज होता है जिसका उपयोग किसी डिजाइन या छवि को कपड़े, मग, या अन्य वस्तुओं पर स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है। यह प्रक्रिया सब्लिमेशन प्रिंटिंग कहलाती है।

### निर्यात संवर्धन मिशन के तेजी से क्रियान्वयन के लिय प्रयास जारी: सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार निर्यातकों की मदद के लिए 'निर्यात संवर्धन मिशन' के क्रियान्वयन में तेजी लाने का प्रयास कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के एक दिन बाद यह जानकारी दी। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्यातकों ने नकदी के मोर्चे पर सरकार से मदद मांगी है और इन सभी मुद्दों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''निर्यात विविधीकरण, नए मुक्त व्यापार समझौते, निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत और बढ़ता घरेलू बाजार, भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी शुल्क के प्रभाव से बचाने में मदद करेंगे। अधिकारी ने कहा, सरकार निर्यातकों के सामने आने वाली समस्याओं से अवगत है और उनकी मदद के लिए सकारात्मक प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात के विविधीकरण से निर्यातकों को लंबे समय तक व्यापार की गति बनाए रखने में मदद मिलेगी। अधिकारी ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के संबंध में कहा, ''हमें उम्मीद है कि जल्द ही दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होगी। हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि व्यापार समझौते के लिए अगले दौर की बातचीत की नई तारीख अभी तय नहीं हुई है।

### अरुणाचल प्रदेश में राज्य से बाहर सामान ले जाने वाली पहली कार्गो विमान सेवा शुरू

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के नागर विमानन मंत्री बालो राजा ने बृहस्पतिवार को डोनी पोलो हवाई अड्डे से राज्य से बाहर सामान ले जाने वाली पहली कार्गो विमान सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस कदम का उद्देश्य राज्य की कृषि-बागवानी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और स्थानीय किसानों को व्यापक बाजारों से जोड़ना है। राजा ने कहा कि 'किसानों को सशक्त बनाना, बाजारों को जोड़ना' विषय पर आधारित इस पहल से किसानों के लिए नए अवसर पैदा होंगे, क्योंकि इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनकी उपज राष्ट्रीय बाजारों तक तेजी से पहुंचे। राजा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'आज मुझे हमारे राज्य के डोनी पोलो हवाई अड्डे से पहली 'आउटबाउंड कार्गो' विमान सेवा को हरी झंडी दिखाने का सौभाग्य मिला। यह पहल हमारे मेहनती किसानों के लिए नए अवसर खोलेगी। राज्य नागर विमानन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्गो सेवा का मुख्य उद्देश्य फल, सब्जियां, फूल और अन्य स्थानीय उपज जैसी जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की आपूर्ति करना है।

### खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए ने तेल रहित चावल की भूसी के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की अपील की

**नयी दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग संगठन एसईए ने सरकार से घरेलू प्रसंस्करणकर्ताओं की सुरक्षा एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए तेल रहित चावल की भूसी (डीओआरबी) के निर्यात पर से प्रतिबंध हटाने की अपील की है। इनके निर्यात पर वर्तमान में सितंबर 2025 तक प्रतिबंध है। 'सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एसईए) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से तेल रहित चावल की भूसी के निर्यात पर जारी प्रतिबंध को हटाने की अपील की है। संगठन ने कहा, '' एसईए ने सरकार से आग्रह किया है कि प्रतिबंध को 30 सितंबर 2025 से आगे न बढ़ाया जाए।

### फिटनेस कारणों से दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर जुरेल और ईश्वरन

बेंगलुरू। मध्य क्षेत्र के कप्तान ध्रुव जुरेल और पूर्वी क्षेत्र के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार और ग्रोइन की चोट के कारण बृहस्पतिवार से यहां शुरू हुए दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर रहेंगे। ईश्वरन के नहीं खेलने से पूर्वी क्षेत्र को करारा झटका लगा है जिसका सामना पूर्वी क्षेत्र से होना है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर ईशान किशन वैसे ही टीम में नहीं हैं। ईश्वरन के नहीं खेलने से असम के हरफनमौला रियान पराग को कप्तानी सौंपी गई है। समझा जाता है कि एशिया कप के लिये भारत के स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल जुरेल को कल चोट लगी और उन्हें मैच से बाहर रहने की सलाह दी गई है। उत्तर पूर्व के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को आईपीएल खिताब दिलाने वाले रजत पाटीदार को मध्यक्षेत्र की कमान दी गई है। उत्तर क्षेत्र की टीम में कप्तान शुभमन गिल नहीं हैं जो बुखार से उबर नहीं सके हैं।

# राज्य लीगें प्रतियोगी नहीं, प्रतिभा की नर्सरी हैं : डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने देशभर में बढ़ रही टी20 लीगों की सराहना करते हुए कहा है कि ये टूर्नामेंट एक-दूसरे के प्रतिद्वंदी नहीं, बल्कि नई प्रतिभाओं को सामने लाने और निखारने का बेहतरीन मंच हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें भारतीय क्रिकेट के ढांचे को और मजबूत करती हैं तथा खेल के समग्र विकास में योगदान देती हैं। जेटली ने कहा, राज्य लीगें एक-दूसरे की प्रतियोगी नहीं बल्कि अपने-अपने इकोसिस्टम की फीडर हैं। हर राज्य की अपनी प्रतिभा और संरचना है। अधिक लीगों का मतलब है खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके और यह भारतीय क्रिकेट के लिए शुभ संकेत है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण पर





बात करते हुए उन्होंने बताया कि पहली सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का पैमाना, संगठन और गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल खेल के स्तर को ऊंचा किया है बल्कि पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए राजधानी में एक मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासक के तौर पर हमेशा कोशिश रहती है कि पिछले सीजन से बेहतर आयोजन हो-बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन। इस बार की लीग अधिक पेशेवर और संरचित है। टीमें ज्यादा संगठित हैं, प्रबंधन और मजबूत है और संपूर्ण इकोसिस्टम भी विकसित हुआ है। हर साल रिकॉर्ड टूटे यह ज़रूरी नहीं, लेकिन निरंतरता और प्रतियोगिता का पैमाना अहम है। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का फिटनेस स्तर बढ़ा है और वे घरेलू सीजन से पहले बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतर रहे हैं। इस सीजन डीपीएल में दो नई टीमों को शामिल किया गया। डीडीसीए अध्यक्ष ने नए टीम मालिकों के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि उनके आने से टूर्नामेंट में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि नए टीम मालिकों ने खुद को इकोसिस्टम में बहुत अच्छे से ढाल लिया है। उनका दृष्टिकोण पेशेवर है और पुरानी टीमों ने भी सहयोग दिया है। इससे अधिक खिलाड़ियों को अवसर मिल रहे हैं, जो लीग को और मजबूत बनाता है। डीपीएल के लाइव प्रसारण पर बोलते हुए उन्होंने कहा, स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारण हमारे लिए बड़ा बदलाव है। जहां कई टूर्नामेंट सिर्फ डिजिटल तक सीमित रहते हैं, वहीं टीवी पर प्रसारण हमें बेजोड़ पहुंच और दृश्यता देता है। इससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों को बड़ा लाभ होता है।

### पुरानी दिल्ली 6 को हराकर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स प्लेआफ में

नयी दिल्ली। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने वर्षाबाधित मैच में पुरानी दिल्ली 6 को आठ विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग के प्लेआफ में प्रवेश कर लिया। बारिश के कारण मैच सात ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर सुपरस्टार्स ने जीत दर्ज करके दो अंक अर्जित किये। जीत के लिये 134 रन के लक्ष्य के जवाब में तेजस्वी दहिया और अनमोल शर्मा ने अर्धशतक जमाये। दोनों ने 5.5 ओवर में 122 रन की साझेदारी की। तेजस्वी 21 गेंद में 69 रन बनाकर आउट हुए जबकि शर्मा ने 17 गेंद में नाबाद 56 रन बनाये। इससे पहले पुरानी दिल्ली 6 के लिये देव लाकड़ा ने 23 गेंद में नाबाद 85 और युग गुप्ता ने 14 गेंद में 38 रन बनाये। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 117 रन की साझेदारी करके टीम को सात ओवर में तीन विकेट पर 133 रन तक पहुंचाया।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इसके विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,600 रुपये से लेकर 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 94,050 रुपये से लेकर 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर



रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट की अवधि 3 महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर तक की

एजेंसी

नई दिल्ली। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारतीय आयात पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ के बीच केंद्र सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की जाएगी। सरकार के इस कदम का मकसद अमेरिका के कुल 50 फीसदी उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। मंत्रालय के मुताबिक इसमें पांच फीसदी मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच फीसदी कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट के साथ दोनों पर 10 फीसदी सामाजिक कल्याण अधिभार छूट शामिल है, जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11 फीसदी बैठता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस कदम से उत्पादन लागत कम करके तथा कपड़ा क्षेत्र में लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को संरक्षण देकर भारतीय कपड़ा उत्पादों की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कपड़ा मूल्य श्रृंखला की कच्चे माल की लागत कम होने और विनिर्माताओं एवं उपभोक्ताओं दोनों को आवश्यक राहत मिलने की उम्मीद है। कपड़ा मूल्य श्रृंखला में धागा, कपड़ा, परिधान एवं सिले हुए उत्पाद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि कपड़ा, रत्न एवं आभूषण और चमड़ा सहित भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 फीसदी हो गया है।

### प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिये क्वालीफाई किया, वेसली सो ने सिनक्यूफील्ड जीता

सेंट लुइस (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेआफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानानंदा तथा फ़ेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेआफ में दो में से डेढ अंक बनाये। प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारूआना को हराया जबकि कारूआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला।

# पीएमजेडीवाई के 11 साल पूरे, 56 करोड़ से अधिक खाते खुले

■ जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय मिशन के रूप में शुरू की गई प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने गुरुवार को अपने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान 56 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए, जिसमें कुल 2.68 लाख करोड़ रुपये की राशि जमा है। दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल के रूप में पीएमजेडीवाई लाखों वंचित नागरिकों के लिए बैंकिंग तक पहुंच को नए सिरे





से परिभाषित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों 28 अगस्त, 2014 को शुरू की गई पीएमजेडीवाई योजना ने देशभर में बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने आधिकारिक आंकड़ों के जरिये बताया कि लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं, जबकि 56 फीसदी महिलाओं के नाम हैं। इस पहल से दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में शामिल होने में मदद मिली है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि पीएमजेडीवाई योजना के तहत 38 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क रुपे कार्ड जारी किए गए हैं, जिससे डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिला है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पीएमजेडीवाई को वैश्विक स्तर पर सबसे व्यापक वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि जन-धन योजना सम्मान, सशक्तिकरण और अवसर का प्रतीक है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में सबसे सफल वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। सब्सिडी वितरण के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन व्यवस्था, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के मूल में जन-धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) तीन योजनाएं हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं के अंतर्गत बैंक खातों में 6.9 लाख करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। पूरी तरह से केवाईसी अनुपालन वाले पीएमजेडीवाई खातों में शेष राशि या लेन-देन की राशि की कोई सीमा नहीं है। यह एक बीएसबीडी खाता है। पीएमजेडीवाई खाताधारकों को बैंक शाखा के साथ-साथ एटीएम/सीडीएम में नकदी जमा करने, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या केंद्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और विभागों के चेक से धन प्राप्ति/जमा करने की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा योजना के तहत एक महीने में जमा की जाने वाली राशि और राशि की कोई सीमा नहीं है। एक महीने में कम से कम चार बार निःशुल्क निकासी की अनुमति है, जिसमें मेट्रो एटीएम सहित किसी भी एटीएम से निकासी शामिल है। इसके बाद की निकासी पर बैंक शुल्क ले सकते हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नोएडा की बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी के छात्रों का जलवा



- यूपीएससी परीक्षा से लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो चुके हैं छात्र
- इस लाइब्रेरी में अब मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग का भी हो रहा है संचालन
- अभ्युदय कोचिंग प्रदेश में माडल कोचिंग सेंटर के रूप में कर रहा है काम

अरूण सिंह चौहान




नोएडा, (आरपी न्यूज)। नोएडा में चल रही डॉक्टर बी आर अंबेडकर लाइब्रेरी से जुड़े तमाम छात्रों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। यहां से जुड़े 33 से अधिक छात्र अब नौकरी पाकर अपनी व्यवस्थित जिंदगी जी रहे हैं। इन्होंने सफल होकर अपने मां-बाप का नाम तो रोशन किया ही है, साथ ही इस लाइब्रेरी का भी सिर ऊंचा किया है। इस लाइब्रेरी के संचालक गणेश जाटव हैं। लाइब्रेरी संचालक गणेश जाटव ने एक मुलाकात में बताया कि इस लाइब्रेरी के अलावा हम मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी अभ्युदय कोचिंग योजना के तहत भी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार कर रहे हैं। श्री जाटव ने बताया कि इस समय तीन दर्जन से अधिक प्रतियोगी परीक्षा के छात्र इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। श्री जाटव का दावा है कि जब भी उत्तर प्रदेश में अभ्युदय कोचिंग योजना की बात होती है तो नोएडा के बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी को मॉडल के रूप में याद किया जाता है, और यही उनकी टीआरपी भी है।

श्री जाटव के अनुसार उनके यहां से जुड़े 33 प्रतियोगी छात्रों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। इनमें पिंकी मसीह 2023 में यूपीएससी की 948 में रैंक पा चुकी हैं। इसके अलावा शाहिद अफरीदी 2024 में नीट में 12537वीं रैंक, जयप्रकाश 2023 में यूजीसी नेट, विक्रम जीत 2023-24 में एसएससी सीजीएल में कस्टम एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट, दीपक चौहान 2023-24 में रेलवे में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, अरविंद कुमार 2021-22 में मिनिस्ट्री आफ कम्युनिकेशन में पोस्टल ऑफिसर और शिवम पांडेय 2021-22 में रेलवे की टेक्निकल सर्विस में सफल हो चुके हैं। इसके अलावा 2023-24 में दिल्ली पुलिस में आंचल तिवारी, नितिन चौहान, निखिल तोमर, मुरारी मिश्रा भी सफल हो चुके हैं। इसी तरह 2022-23 में एसएससी जीडी सीआईएसएफ में राहुल कुमार राय, 2022-23 में एसएससी जीडी सीआरपीएफ में नवीन कुमार, 2022-23 में एसएससी जीडी आइटीबीपी में सफल हो चुके हैं। इसके अलावा आदित्य कुमार, 2022-23 में एडवोकेट बन चुके हैं।

श्री जाटव के अनुसार इसके अलावा 2023-24 में रोहित कुमार एसएससी जीडी सीआरपीएफ में आ चुके हैं।

साथ ही अभय यादव 2023 24 में एसएससी जीडी आईटीबीपी में, राजशेखर 2023-24 में एसएससी जीडी आइटीबीपी में, गौरव कुमार 2023-24 में आईसीएआर डिपार्टमेंट आफ वैक्सीन में, अंजलि कैन 2023-24 में एडवोकेट बन कर दिल्ली साकेत कोर्ट में लीगल प्रेक्टिस कर रही हैं। इसके अलावा धर्मेंद्र 2023-24 में एसएससी की अस्सिटेंट पोस्टल सर्विस में आ गए हैं, सुमित कुमार 2023-24 में रेलवे अप्रेंटिस हो गए हैं, निशांत कुमार 2024-25 में असिस्टेंट बैंक मैनेजर हो गए हैं, आशुतोष राघव 2024-25 में एसएससी एमटीएस मिनिस्ट्री आफ कल्चर में आ गए हैं। इसके अलावा रोहित कुमार 2024-25 में साइबर क्राइम आईटी एक्सपर्ट बन कर गुजरात पुलिस में हैं। इसके अलावा 2024-25 में यूपी पुलिस की परीक्षा में प्रिंस पांडे, अभय यादव, दिव्या भारती और रविकांत भी सफल हो चुके हैं।

श्री जाटव के अनुसार सत्यजीत पेटल 2024-25 में आईबीपीएस के जरिए बैंक में मार्केटिंग ऑफिसर हो गए हैं, देवांश 2024-25 में एसएससी सीजीएल की 417वीं रैंक पा चुके हैं, श्याम सिंह 2024-25 में बीपीएससी की परीक्षा पास कर टीचर हो गए हैं, अमन गुप्ता 2024-2025 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बन चुके हैं और आशु मोचन 2025 में चार्टर्ड अकाउंटेंसी पास कर चुके हैं।

## ब्लू और अक्वा मेट्रो लाइन को जोड़ने वाला स्काईवॉक सात डेडलाइन के बाद नहीं हो सका पूरा, यात्री परेशान

गौतमबुद्ध नगर। दिल्ली मेट्रो ब्लू लाइन और नोएडा की अक्वा मेट्रो लाइन के सेक्टर 52 और सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशनों को आपस में जोड़ने वाला स्काईवॉक दो साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। प्राधिकरण इसे पूरा करने के लिए सात बार डेडलाइन तय चुका है, लेकिन अभी तक केवल 85 फीसदी कार्य ही पूरा हो पाया है। इस स्काईवॉक के चालू न होने से इन स्टेशनों पर मेट्रो बदलने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, दिल्ली मेट्रो ब्लू लाइन पर सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन के पास से ही नोएडा मेट्रो की अक्वा लाइन का स्टेशन सेक्टर 51 है। अभी यहां मेट्रो बदलने के लिए यात्रियों को उतर कर चलना पड़ता है। इन दोनों मेट्रो स्टेशनों को आपस में जोड़ने के लिए एक एविलेटिड स्काईवॉक बनाया जा रहा है। इसे बनाने काकार्य जून वर्ष 2023 में शुरू हुआ था और अब तक सात डेडलाइन घोषित होने और नोएडा प्राधिकरण के कई दावों के बाद भी अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि परियोजना की समीक्षा कर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही मौके का निरीक्षण भी किया जाएगा। नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार परियोजना में 85 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद अब विद्युत यांत्रिक और तकनीकी काम शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि मेट्रो की ब्लू लाइन के सेक्टर-52 और एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के बीच 430 मीटर के स्काईवॉक पर यात्रियों को अब पैदल भी चलना होगा। इस स्काईवॉक पर मोड़ और प्रवेश बिंदु के चलते तकनीकी तौर पर बदलाव किए गए हैं। अब 430 मीटर के इस स्काईवॉक में 260 मीटर में ही ट्रैवलेटर लगेंगे।

# जेठ ने बहू की गोली मारकर की हत्या बचने के लिए रची चोरी की साजिश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पति, जेठ और ननद को हिरासत में लिया

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में छिबरामऊ कोतवाली थाना अंतर्गत रनवीरपुर गांव में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। परिवारिक विवाद में हुई हत्या की घटना को परिवार वालों ने चोरी का झूठा नाटक रचते हुए बदमाशों द्वारा करने का षड्यंत्ररचा गया, लेकिन पुलिस की जांच में भेद खुल गया। जांच में पता चला कि जेठ ने लड़ाई के दौरान गोली मारकर हत्या की वारदात की है। पुलिस ने पति, जेठ, ननद को पकड़ते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात बुधवार करीब 10 बजे डायल 112 पर पुलिस को सूचना मिली की कोतवाली छिबरामऊ के रनवीरपुर गांव में चोरों ने घर में घुसकर लूटपाट की और एक महिला को गोली मार हत्या कर दी है। इस सूचना के मिलते ही मौके पर थाना पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वह अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ घटना स्थल पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि मृतक महिला मैनपुरी जनपद के भोगांव की रहने वाली निक्की है और उसकी शादी आठ माह पूर्व दिसम्बर 2024 में यहां रहने वाले चन्द्रमोहन के बेटे कृष्णकांत से हुई थी। कृष्णकांत तीन भाई व दो बहनें हैं। एसपी ने बताया कि महिला निक्की का शव कमरे के दरवाजे पर पड़ा था। कमरे में अलमारी खुली थी और कपड़े बिखरे पड़े थे। मौके पर फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वाड को बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए। घटना के वक्त घर पर पति कृष्णकांत शाक्य, जेठ प्रवीण, ननद रानी, जेठानी के दो छोटे बच्चे के मौजूद होने की जानकारी हुई। जबकि जेठ प्रवीण की पत्नी शिवानी छिबरामऊ में अपनी सास माया (60) की तबियत खराब होने के कारण एक प्राइवेट हॉस्पिटल में थे। जांच में चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हुई और घर में रखे पैसे और जेवरात और नकदी अलमारी से अलग अन्य जगह पर सही सलामत मिल गए। किसी प्रकार की कोई चोरी और बदमाशों के जानकारी सामने आओ पर मृतक महिला के पति और जेठ को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गयी। जिसमें दोनों ने बताया कि आपसी लड़ाई झगड़े में जेठ प्रवीण द्वारा बहू निक्की को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने चोरी और हत्या बदमाशों द्वारा करने की साजिश रची थी।

## पीएम ग्रामीण आवास के सर्वे में 35 हजार को मिलेंगे आवास, 28 अपात्रों के विरुद्ध जारी हुई आरसी

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर ने आज विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के सम्बन्ध में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त योजना को पूर्ण पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपादित करने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें और यदि किसी स्तर पर कोई शिकायत प्रकाश में आए तो जिला प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जिला प्रशासन द्वारा अपात्र पाए जाने वाले 28 लाभार्थियों को आरसी जारी की जा चुकी है और उनसे धनराशि वापस ली जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की नई प्रक्रिया के अन्तर्गत आवास प्लस सूची में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने के लिए आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की प्रकिया प्रचलन में है, जिसके क्रम में जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 का व्यापक प्रचार खण्ड विकास अधिकारियों के स्तर से कराया गया है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# लोलार्क छठ की तैयारी पूरी,भदैनी लोलार्क कुंड में भोर से श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

- संतान प्राप्ति की कामना से एक दिन पहले से ही पहुंचने लगे श्रद्धालु

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी में लोलार्क छठ की तैयारियां पुरी हो चुकी है। काशी के लक्खा मेलों में शुमार लोलार्क षष्ठी पर भदैनी स्थित लोलार्क कुंड में संतान प्राप्ति की मनोकामना को लेकर शुक्रवार तड़के आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। स्नान के लिए उमड़ने वाली लाखों की भीड़ की सुरक्षा के लिए भदैनी और शिवाला इलाके में बैरिकेडिंग कराई गई है।

जिला प्रशासन ने सुगम यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींच दिया है। पर्व के दौरान लोलार्क कुंड की ओर जाने वाले छह मार्गों पर यातायात भी प्रतिबंधित रहेगा। लगभग पांच किलोमीटर लंबी बैरिकेडिंग में भीड़ प्रबंधन के लिए प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग निर्धारित किए गए है। कुंड क्षेत्र में भीड़ अधिक होने पर रूट डायवर्जन और स्टेप बाय स्टेप एंट्री की व्यवस्था लागू की गई है। श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश देने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम (लाउडस्पीकर) और सूचना पट्ट भी लगाया गया है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था व मुख्यालय) शिवहरी मीणा ने कुंड स्थल का निरीक्षण कर बताया कि चौराहों, संवेदनशील स्थानों और पार्किंग स्थलों पर अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जाएगी। कंट्रोल रूम से सभी गतिविधियों की लाइव मॉनिटरिंग होगी। बताते चलें कि भदैनी स्थित लोलार्क कुंड एक खड़े कुएं से जुड़ा हुआ है। इसमें उतरने के लिए तीन तरफ से सीढ़ियां हैं। मान्यता है कि 50 फीट गहरे और 15 फीट चौड़े इस कुंड में लोलार्क षष्ठी पर स्नान से निसंतान दंपति की सूनी गोद भर जाती है। लोलार्क कुंड से जुड़ी मान्यताओं के कारण ही हर साल यहां स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस बार भी तीन से चार लाख लोगों के आने की संभावना है। तीर्थ पुरोहित पं. सुरेश दुबे बताते हैं कि लोलार्क षष्ठी के दिन कुंड में स्नान करने और लोलार्केश्वर महादेव की पूजा करने से संतान की प्राप्ति और शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। यही कारण है कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को संतान की कामना से दंपति लोलार्क कुंड में तीन बार डुबकी लगाकर स्नान करते हैं। कुंड में स्नान के बाद दंपति को एक फल का दान कुंड में करना चाहिए। कुंड में दंपति स्नान के बाद भीगे कपड़े भी छोड़ देते हैं। कुंड में स्नान के बाद दंपती लोलार्केश्वर महादेव का दर्शन पूजन कर संतान प्राप्ति की गुहार लगाते है।

# डूडा विभाग में संविदा कर्मचारी की गोली मारकर हत्या, कार में मिला शव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। महानगर के थाना मझोला क्षेत्र के नया मुरादाबाद स्थित हर्बल पार्क के पास डूडा विभाग में संविदा कर्मचारी युवक की आज तड़के गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक देर रात अपने एक दोस्त के साथ शराब पीने के बाद उसे घर छोड़कर अपने घर लौट रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी व फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मौके से कुछ सामान भी कब्जे में लिया। थाना मझोला क्षेत्र के नया मुरादाबाद सेक्टर 10 में रहने वाला हर्षित ठाकुर (30) पुत्र महेंद्र सिंह डूडा विभाग में संविदा कर्मचारी था। हर्षित ठाकुर देर रात अपने एक दोस्त आकाश मिश्रा के साथ शराब पीने के बाद उसे घर छोड़कर अपने घर लौट रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। गुरुवार को तड़के करीब 4 बजे उसकी डेडबॉडी उसके घर से करीब 500 मीटर दूरी पर खड़ी उसकी कार में पड़ी मिली। हर्षित के करीबी लोगों और उनके साथियों से पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह और हमलावरों की पहचान हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कई पहलुओं से जांच की जा रही है। प्रथमदृष्ट्या मामला आपसी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हमलावरों की तलाश में पुलिस टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं।

# जन्मजात रेडियोउलनार सिनोस्टोसिस से पीड़ित बच्चे का एसआरएन में हुआ सफल आपरेशन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग की टीम ने जन्मजात रेडियोउलनार सिनोस्टोसिस से पीड़ित छह वर्षीय बालक अभिनय कुशवाहा के जन्मजात हाथ की गम्भीर विकृति का सफल ऑपरेशन कर नई मिसाल कायम की है। यह जानकारी गुरुवार को मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. संतोष ने दी। उन्होंने बताया कि छह वर्षीय बच्चे अभिनय को जन्मजात रेडियोउलनार सिनोस्टोसिस नामक दुर्लभ बीमारी थी। इस बीमारी में अग्रबाहु (फोरआर्म) की दो मुख्य हड्डियाँ–रेडियस और अल्ना–आपस में जुड़ जाती हैं, जिससे हाथ को घुमाना और सामान्य कार्य करना मुश्किल हो जाता है। इस कारण बच्चा खाने, लिखने और रोजमर्रा के कार्य भी सही से नहीं कर पाता था। अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि इस तरह के मामलों में ऑपरेशन तकनीकी दृष्टि से बेहद कठिन होते हैं। बालक में प्रोनेशन डिफॉर्मिटी थी, जिसे ठीक करने के लिए बॉयड अप्रोच द्वारा ऑस्टियोक्लासिस तकनीक अपनाई गई। ऑपरेशन के दौरान हड्डी को सावधानी पूर्वक अलग करके सही स्थिति में लाया गया और हाथ को सामान्य मूवमेंट देने की व्यवस्था की गई। इस जटिल शल्यक्रिया को सफल बनाने में डॉ. आनंद कुमार के साथ टीम में डॉ. सैफ़ और डॉ. कुलदीप शामिल रहे। जबकि एनेस्थीसिया विभाग से एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. वैभव सिंह और डॉ.शुभी ने विशेष सहयोग दिया। ऑपरेशन के बाद बालक का हाथ सामान्य स्थिति में आ गया है और प्रोनेशन डिफॉर्मिटी पूरी तरह से ठीक हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि अब बच्चा भविष्य में सामान्य जीवन जी सकेगा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) वी.के. पांडेय ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि एस.आर.एन. अस्पताल लगातार नई तकनीक और विशेषज्ञता के साथ मरीजों को आधुनिकतम इलाज उपलब्ध करा रहा है। इस तरह की जटिल शल्यक्रिया का सफल होना विभाग की उपलब्धियों में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। अभिनय के परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है।

# कानपुर में क्रांतिकारियों की शरणस्थली पर बना था सिद्धि विनायक मंदिर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। गणेश चतुर्थी से देशभर में गणपति उत्सव की शुरुआत हो चुकी है और लोग भक्ति में लीन हो गये। जगह–जगह पर पर पांडाल सजे हुए हैं और गणपति बप्पा मोरया से आसमान गुंजायमान हो रहा है। ऐसे में कानपुर के सिद्धि विनायक मंदिर की बात करना लाजिमी है, क्योंकि जिस उद्देश्य से मराठा जननायक बाल गंगाधर तिलक ने गणेश उत्सव मनाने की परंपरा डाली थी यानी अंग्रेजों के खिलाफ जन आवाज। उसका आगाज कानपुर में भी हुआ था और एक छोटी सी जगह पर क्रांतिकारी एकत्र होकर योजना बनाते थे। इस योजना की जानकारी जब अंग्रेजों को पता चली तो उस जगह को सिद्धि विनायक मंदिर की शक्ल दे दी गई और बाल गंगाधर तिलक ने खुद भूमि पूजन किया था। यह मंदिर कानपुर के घंटाघर के समीप है जो इन दिनों चार मंजिला इमारत के रुप में है। यूं तो देश भर में गणपति बप्पा के बहुत से मंदिर हैं। जिनका अपना एक अलग ही इतिहास है लेकिन क्या आप जानते हैं कि औद्योगिक नगरी कानपुर के घंटाघर चौराहे पर भी एक विशालकाय गणेश मंदिर स्थापित है। जिसे श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। चार मंजिला यह मंदिर बेहद ही आकर्षक और सुंदर है। मंदिर के बाहर से ही दर्शन करने भर से भगवान गणेश जी की 14 फुट लंबी मूर्ति भक्तों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती है। यही नहीं इस मंदिर में भगवान गणेश जी की 10 मुखी मूर्ति भी स्थापित है। जिसे दशमुख गणेश भी कहा जाता है। मंदिर के वरिष्ठ सेवादार विशाल शुक्ला बताते हैं कि यह मंदिर करीब 108 साल प्राचीन है। जिस जगह यह मंदिर स्थापित है। कभी यहां पर एक मकान हुआ करता था। जिसमें क्रांतिकारी बैठकें किया करते थे। रोज-रोज की भीड़ को देखकर अंग्रेजों को क्रांतिकारियों पर शक हुआ कि यहां पर कुछ लोग अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। इससे बचने के लिए बाल गंगाधर तिलक ने उस भवन में भगवान गणेश जी की मूर्ति स्थापित करवा दी। जिससे ब्रिटिश सरकार को यह लगे कि यह एक मंदिर है और लोग यहां पर भगवान के दर्शन करने आते हैं। धीरे-धीरे समय बीतता गया और इस मंदिर का कायाकल्प होता गया। वर्तमान में यह मंदिर चार मंजिल का हो चुका है। इस मंदिर की सबसे विशेष बात यह है कि मंदिर की सामने वाली दीवार पर भगवान गणेश जी की करीब 14 फीट लंबी मूर्ति स्थापित है। जो देखने में बेहद ही आकर्षक है। इसके अलावा मंदिर की पहली मंजिल पर अष्टविनायक स्वरूप वाले गणेश जी विराजमान है। जबकि दूसरे माले पर भगवान गणेश जी की 10 मुख वाली मूर्ति स्थापित है। जिसे देशमुख गणेश के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा तीसरे वाले पर नवग्रह की वेदियां भी बनाई गईं हैं। जबकि चौथे माले पर मां गंगा विराजमान हैं। वही मंदिर के सेवादार बबलू जायसवाल ने बताया कि इस मंदिर में पूरे साल भक्तों का ताता लगा रहता है लेकिन गणेश चतुर्थी आते ही भक्तों की भीड़ में कई गुना इजाफा देखने को मिलता है। मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि जो भी श्रद्धालु अपने घर या पंडाल में भगवान गणेश जी को स्थापित करता है। वह इन दिनों में गणेश मंदिर आकर एक बार माथा जरूर टेकता है। आगे उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिनों में इस मंदिर में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। जिनमें कवि सम्मेलन, गोष्टी और भजन संध्या जैसे कार्यक्रम रोजाना आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा बुधवार के दिन मंदिर में विशेष तौर पर भक्तों की भारी भीड़ दिखाई देती है।